●वर्ष : 16 ●अंक : 104 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHI/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शुक्रवार 02 अगस्त 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## मोदी के साथ आएंगे उद्धव, रख दी ये बड़ी शर्त



नूना न्यूज एजेंसी

**महाराष्ट्र।** के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे ने मुंबई में एक बैठक के दौरान देवेंद्र फडणवीस पर खुलकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी शुरूआत से ही जोड़ो तोड़ो की राजनीति कर रही है। हालांकि इस दौरान अपने नेताओं से भी उद्धव ने कहा कि वो उस खेमे में जाना चाहते हैं तो अभी चले जाएं। इसके साथ ही उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर एक के बाद एक गंभीर आरोप लगाए। उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की सरगर्मी के बीच एक बड़ा दांव खेला है। जानकारी के मुताबिक उन्होंने कहा कि पीएम मोदी मराठा और धनखड़ समाज के आरक्षण का हल निकालते हैं तो उनकी पार्टी के सभी सांसद पीएम मोदी के इस कदम का समर्थन करेंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि पीएम मोदी ही आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी को बढ़ा सकते हैं। उद्धव ने कहा कि राज्य सरकार को आरक्षण की सीमा बढ़ाने का अधिकार नहीं है। इससे पहले बिहार सरकार ने आरक्षण देने की कोशिश की थी। हालाँकि, कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया क्योंकि लोकसभा के पास सीमा बढ़ाने का अधिकार है। इसलिए सभी समुदाय के नेताओं को पीएम मोदी के पास जाना होगा। उद्धव ने कहा कि मैं अपने सभी सांसदों का समर्थन दूंगा. राज्य सरकार इस मुद्दे का समाधान नहीं कर सकती. मैं सभी समुदाय के लोगों से अनुरोध करता हूं कि उन्हें राज्य में आरक्षण के लिए लड़ने के बजाय दिल्ली जाना चाहिए और पीएम मोदी से इस पर ध्यान देने का अनुरोध करना चाहिए क्योंकि उनके पास महान दैवीय शक्ति है।

# पीड़ितों से मिले राहुल गांधी

## कहा- ऐसा मुझे मेरे पिता के निधन पर हुआ था महसूस

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि केरल के वायनाड में भूस्खलन से हुई तबाही को देखना दुखद है। गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ अपने पूर्व संसदीय क्षेत्र का दौरा किया झ ने कहा कि वह वही भावनाएं महसूस कर रहे हैं जो उन्हें तब महसूस हुई थीं जब उनके पिता, पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की 1991 में मृत्यु हो गई थी। राहुल ने कहा कि यह वायनाड, केरल और देश के लिए एक भयानक त्रासदी है। हम यहां हालात देखने आये हैं। यह देखना दुखद है कि कितने लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों और अपने घरों को खो दिया है।



कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि हम मदद करने की कोशिश करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि बचे लोगों को उनका हक मिले। उनमें से बहुत से लोग स्थानांतरित होना चाहते हैं। यहां बहुत कुछ करने की जरूरत है। मैं डॉक्टरों, नर्सों, प्रशासन और स्वयंसेवकों सहित उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मेरे लिए, यह निश्चित रूप से एक राष्ट्रीय आपदा है। देखते हैं सरकार क्या कहती है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह समय राजनीतिक मुद्दों पर बात करने का है। यहां के लोगों को मदद की जरूरत है। अभी समय यह सुनिश्चित करने का है कि सभी सहायता मिले। मुझे अभी राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है। मुझे वायनाड के लोगों में दिलचस्पी है। गांधी ने कहा कि आज मुझे महसूस हो रहा है कि जब मेरे पिता की मृत्यु हुई तो मुझे कैसा महसूस हुआ था। यहां लोगों ने सिर्फ एक पिता नहीं बल्कि पूरा परिवार खो दिया है. हम सभी इन लोगों के सम्मान और स्नेह के ऋणी हैं। पूरे देश का ध्यान वायनाड की ओर है। प्रियंका ने कहा कि हमने पूरा दिन उन लोगों से मिलने में बिताया है जो पीड़ित हैं। यह बहुत बड़ी त्रासदी है. हम केवल कल्पना ही कर सकते हैं कि लोगों को कितना दर्द हो रहा है। हम यहां उतना ही आराम और समर्थन देने के लिए हैं। हिमाचल प्रदेश में भी बड़ी त्रासदी हुई है। कल, हम बैठकर योजना बनाएंगे कि हम विशेष रूप से उन बच्चों की कैसे मदद कर सकते हैं जो अब अकेले रह गए हैं। कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पूर्व सांसद राहुल गांधी और उनकी बहन एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवारको केरल में वायनाड जिले के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र चूरलमाला का दौरा किया। कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी दी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक बारिश के बीच घटनास्थल पर पहुंचने के बाद राहुलऔर उनकी बहन प्रियंका मेप्पाडी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि वहां से वे डॉ. मूपेन मेडिकल कॉलेज और मेप्पाडी स्थित दो राहत शिविरों के लिए रवाना होंगे। पार्टी महासचिव एवं अलप्पुझा से सांसद के सी वेणुगोपाल भी उनके साथ हैं। गांधी ने 2019 में वायनाड लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### क्या है भारतीय ज्ञान परंपरा- भारतीय शिक्षा प्रणाली- नई शिक्षा नीति

इसे युगांतरकारी कदम कहा जाना चाहिये या अपनी भूमि, अपनी मिट्टी से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण व महत्वाकांक्षी प्रयास। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जिस प्रकार से भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन-अध्यापन, लेखन-पठन पर विशेष रूप से केंद्रित किया गया है वह अपने आप में स्वयं को पहचानने का एक प्रयास है। हम पिछले दशकों में अंग्रेजों की दी हुई शिक्षा पद्धति में हम स्वयं को ही भूल चुके थे। यूजीसी द्वारा नई युवा, छात्र पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने के अनेक सार्थक व सकारात्मक प्रयास किए जा रहें हैं। विगत दो सौ वर्षों में भारत में चल रही शिक्षा पद्धति ने हमसे हमारा राष्ट्रीय गौरव भाव छीनकर हमें आत्म ग्लानि, व हीनता के भाव से भर दिया था। अब विषय चाहे कोई भी हो, सभी में भारतीयता से जुड़े हुए विषयों का समावेशन आत्म गौरव के भाव को बढ़ाता है। मैकॉले की शिक्षा पद्धति से हमारी विमति-असहमति दशकों पूर्व से चल रही थी। असहमति के स्वर थे किंतु इस असहमति का निराकरण नहीं हो पा रहा था। गणित, चिकित्सा विज्ञान, योग विद्या, शस्त्र निर्माण, रसायन विज्ञान, वैमानिकी, कृषि विज्ञान, कला, साहित्य, संगीत, वास्तुकला, मूर्तिकला, धातु विज्ञान, वस्त्र निर्माण, न्याय, दर्शन, खगोल विज्ञान, ज्योतिष आदि आदि कई विषयों में हमारी समृद्ध, बलशाली व गौरवशाली विरासत हमें मिली है। हमें हमारी विरासत से सतत वंचित किया गया था। शिक्षाविद् सतत इस बात को कह रहे थे कि वर्तमान शिक्षा पद्धति हमें दीन-हीन स्थिति में ले जा रही है, किंतु उनके स्वर अनसुने ही रह रहे थे। मैकॉले की शिक्षा पद्धति ने हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा को समाप्त करने के संपूर्ण प्रयास किए थे। अंग्रेजों ने ये सब इसलिए किया क्योंकि वे जानते थे कि इस ज्ञान परंपरा के प्रवाह चलते रहने से वे हमें अपना गुलाम नहीं बना पायेंगे। स्वयं के हीनता बोध को समाप्त करने हेतु भी अंग्रेजों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को नष्ट किया। शिक्षा क्या है, शिक्षण क्या है और शिक्षकत्व क्या है? विशुद्ध भारतीयता अर्थात सनातन स्वमेव ही शिक्षण को व्यक्त करता है। शिक्षण में शिक्षा और शिक्षकत्व के सभी तत्त्व समाहित हो ही जाते हैं। तनिक विस्तार से और तथ्यपूर्वक समझने हेतु यजुर्वेद के दूसरे अध्याय के 33 वें मंत्र को समझते हैं ईश्वर आज्ञा देता है कि विद्वान पुरुष और स्त्रियों को चाहिए कि विद्यार्थी कुमार व कुमारी को विद्या देने के लिए गर्भ की भाँति धारण करें जैसे क्रम क्रम से गर्भ के मध्य देह बढ़ती है वैसे अध्यापक लोगों को चाहिए।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## यूसीसी बिल लाने की तैयारी में भजनलाल सरकार, विधानसभा में बताया- बस सही समय का इंतजार

नूना न्यूज एजेंसी

**राजस्थान।** की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) या सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, विरासत और उत्तराधिकार जैसे व्यक्तिगत मामलों के लिए कानूनों का एक सामान्य सेट लागू करने के लिए एक कानून बनाने पर विचार कर रही है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने गुरुवार को विधायक कालीचरण सराफ के सवाल के जवाब में राज्य विधानसभा को बताया कि मामला सरकार के विचाराधीन है। इस मुद्दे के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के बाद, सरकार उचित समय पर विधेयक लाएगी। उत्तराखंड यूसीसी के लिए कानून पारित करने वाला पहला राज्य बन गया। असम जैसे अन्य भाजपा शासित राज्यों ने यूसीसी को लागू करने का वादा किया है, जो भाजपा के तीन वैचारिक वादों में से एक है। संविधान का अनुच्छेद 44, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में से एक, यूसीसी की वकालत करता है। लेकिन स्वतंत्रता के बाद से संबंधित धर्म-आधारित नागरिक संहिताओं ने व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित किया है। विपक्षी कांग्रेस के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने यूसीसी को भारत की विविध संस्कृति पर हमला बताया। आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों जैसे समूहों की विभिन्न परंपराओं की उपयुक्तता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कानून बनाए गए थे। यूसीसी का लक्ष्य इस सारी विविधता को खत्म करना है जो स्वीकार्य नहीं है।



## सीएम योगी ने विधानसभा में सपा के लोगों को महिला सुरक्षा के लिये बताया था खतरा



नूना न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पहले ही विधानसभा में समाजवादी पार्टी के लोगों को महिला सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। अयोध्या में बुधवार को सपा नगर अध्यक्ष द्वारा नाबालिग के साथ गैंगरेप करने और उसका वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद सीएम योगी की यह बात एक तरह से पुख्ता हो गयी। घटना के सामने आने के बाद अयोध्या पुलिस ने गुरुवार को 12 साल की मासूम बच्ची के साथ गैंगरेप करने वाले आरोपी समाजवादी पार्टी के भदरसा नगर अध्यक्ष मोइद खान और उसकी बेकरी में काम करने वाले एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित के परिजनों को मामले की जानकारी तब हुई जब मासूम गर्भवती हो गयी। इसके बाद मासूम के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की। हैरान करने वाली बात यह है कि सपा नेता की इस घिनौनी करतूत से अयोध्या के सांसद बेखबर हैं। जब मीडिया ने उनसे इस विषय पर पूछा तो वो जवाब देने से कतराते रहे।

### >> सपा नगर अध्यक्ष ने गैंगरेप के साथ नाबालिग का बनाया वीडियो

एसएसपी राजकरन नैयर ने बताया कि सपा नेता मोइद खान ने पहले बच्ची के साथ बलात्कार किया और फिर इसका वीडियो बनाया। अपनी घटिया करतूत का वीडियो दिखाकर और धमकी देकर आरोपी करीब ढाई महीने तक रेप को अंजाम देता रहा। इस करतूत को मोइद खान ने अपनी बेकरी में काम करने वाले राजू खान की मदद से अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि मामले का खुलासा दो माह बाद नाबालिग के गर्भवती होने पर हुआ। पुलिस ने बताया कि पूरा मामला थाना पूराकलंदर के भदरसा कस्बे का है। परिजनों के मुताबिक नाबालिक के पेट में दर्द होने पर वह डॉक्टर्स के पास लेकर पहुंचे, जिसके बाद मासूम के गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। साथ ही दोनों आरोपी सपा नगर अध्यक्ष मोइद खान और उसके साथी राजू खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### >> पीड़िता के पिता की दो साल पहले हो चुकी है मौत

एसएसपी राजकरन नैयर ने बताया कि पीड़िता के पिता की 2 साल पहले मौत हो चुकी है। घर का गुजारा उसकी मां और बहनों के द्वारा मजदूरी से मिले पैसे से चलता है। आरोप है कि ढाई महीने पहले जब पीड़ित मजदूरी कर घर लौट रही थी तो मोइद खान की बेकरी में काम करने वाला राजू खान उसके पास आया और कहा मोइद खान तुम्हें बुला रहे हैं। जब पीड़ित वहां पहुंची तो मोइद खान ने उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। आरोप है कि सपा नेता मोइद खान ने रेप किया और राजू ने मोबाइल से वीडियो बनाया। इसके बाद राजू ने भी अपनी हवस पूरी की। इसके बाद ये सिलसिला आम हो गया और लगातार पीड़ित किशोरी के साथ यह दोनों रेप करते रहे। पीड़ित नाबालिग के साथ मोइद खान की करतूत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं इस विषय पर अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि मुझे तो इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं है। वो मामले में कुछ भी बोलने से कतराते रहे।

## श्रीलंका से रिहा किए जाएंगे 20 मछुआरे, भारतीय उच्चायोग ने रिहाई को लेकर दी जानकारी

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** कई महीनों के बाद श्रीलंका सरकार 20 भारतीय मछुआरों को रिहा करने जा रही है। श्रीलंका सरकार ने गुरुवार को पुष्टि की है कि उन्हें अगले कुछ दिनों में रिहा कर दिया जाएगा। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग और जाफना में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने गोएसएल अधिकारियों के साथ मिलकर 20 भारतीय मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित की। डीएचसी डॉ. सत्यंजल पांडे और अन्य अधिकारियों ने आज मछुआरों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और एक दिन के भीतर उन्हें वापस भेजने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में तमिलनाडु में कई मछुआरे मछली पकड़ने निकले थे। गलती से भारतीय सीमा पार करने के कारण श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।



## कौन हैं साधना सक्सेना नायर जो बनीं सेना में चिकित्सा सेवा महानिदेशक

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर ने गुरुवार को सेना चिकित्सा सेवा के महानिदेशक का पदभार संभाला। वह इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला अधिकारी हैं।रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, लेफ्टिनेंट जनरल नायर ने पुणे स्थित सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय से बेहतर शैक्षणिक रिकॉर्ड के साथ स्नातक किया और वे दिसंबर 1985 में सेना चिकित्सा कोर में नियुक्त हुईं। इसी के साथ उन्होंने नई दिल्ली में स्थित एम्स अस्पताल में चिकित्सा सूचना विज्ञान में दो साल का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा किया है। इसमें बताया गया कि उन्हें इजरायली रक्षा बलों के साथ रासायनिक, जैविक, रेडियोलाजिकल एवं परमाणु युद्ध में तथा स्पीज में स्विस सशस्त्र बलों के साथ सैन्य चिकित्सा एथिक्स में प्रशिक्षण हासिल है। लेफ्टिनेंट जनरल नायर भारतीय वायु सेना (आइएएफ) की पश्चिमी वायु कमान और प्रशिक्षण कमान की पहली महिला प्रधान चिकित्सा अधिकारी भी हैं।



### दिए गए हैं कई सम्मानित सेवा पदक

बयान में बताया गया कि लेफ्टिनेंट जनरल नायर को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में चिकित्सा शिक्षा का मसौदा तैयार करने के लिए डॉ. कस्तूरीरंगन समिति के विशेषज्ञ सदस्य के रूप में भी नामित किया गया था। नायर को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति द्वारा एयर आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पश्चिमी वायु कमान और चीफ आफ एयर स्टाफ कमेंडेशन के साथ-साथ विशिष्ट सेवा पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## हॉस्टल के टॉयलेट में नाबालिग ने मृत बच्चे को दिया जन्म, प्रग्नेंसी से अंजान थी छात्रा

नूना न्यूज एजेंसी

**प्रकाशम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के कोठापट्टनम में एक सरकारी गर्ल्स हॉस्टल के बाथरूम में एक 16 वर्षीय इंटरमीडिएट की छात्रा ने मृत बच्चे को जन्म दिया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में प्रथम वर्ष की इंटरमीडिएट की छात्रा पिछले दो महीने से छात्रावास में रह रही थी। स्कूल प्रशासन के अनुसार, छात्रा को पेट दर्द की शिकायत थी और उसे बाथरूम ले जाया गया, जहां उसने मृत बच्चे को जन्म दिया। यह घटना बुधवार को हुई जब छात्रा काफी देर तक अपनी कक्षा में वापस नहीं लौटी और उसके सहपाठियों ने शिक्षकों को इसकी सूचना दी। चीमाकुर्ती मंडल की रहने वाली छात्रा 19 जून को केजीबीवी में शामिल हुई थी और नियमित रूप से कक्षाओं में भाग ले रही थी। वह एक सप्ताह के लिए घर गई थी और फिर वापस हॉस्टल आ गई, जहां वह अन्य छात्रों के साथ रह रही थी।

# रेल मंत्री ने विपक्ष को खूब सुनाया

## भाजपा को लेकर कांग्रेस सांसद ने कर दिया बड़ा दावा

नूना न्यूज एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2024 पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा शुरू हुई, विपक्षी दलों ने इसे "भेदभावपूर्ण" करार दिया, जबकि सरकार ने इसे "दूरदर्शी" बताया। 22 जुलाई से शुरू हुआ बजट सत्र 12 अगस्त को समाप्त होने वाला है। राज्यसभा में अअढ सांसद राघव चड्ढा ने भारत में चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु 25 से घटाकर 21 वर्ष करने का आह्वान किया। वहीं, कांग्रेस सांसद द्वारा परिसर में एक हॉल के अंदर बारिश का पानी लीक होने का कथित वीडियो पोस्ट करने के बाद विपक्ष ने नए संसद भवन के स्थायित्व पर सवाल उठाया है। जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो के नेतृत्व में आए एक संसदीय शिष्टमंडल ने बृहस्पतिवार को लोकसभा की कार्यवाही देखी। लोकसभा ने रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों को मंजूरी दी। लोकसभा में आज केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव काफी आक्रामक दिखे।

लोकसभा की कार्यवाही

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन में कहा कि मंत्रियों को सदस्यों के प्रदेशों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर नहीं देने चाहिए। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल के पूरक प्रश्न पूछने के बाद यह टिप्पणी की।
- रेलवे की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर झूठ की दुकान चलाने का आरोप लगाते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि रेलवे में सुरक्षा की ह्यकवचह्न प्रणाली के आधुनिक संस्करण को देश के प्रत्येक किलोमीटर रेल नेटवर्क पर लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर लोकसभा में पिछले दो दिन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए, वैष्णव ने यह भी बताया कि रेलगाड़ियों में सामान्य डिब्बों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए करीब ढाई हजार सामान्य कोच के उत्पादन का विचार सरकार ने किया है, 50 और अमृत ट्रेन के निर्माण का फैसला लिया गया है तथा कम दूरी वाले दो शहरों के बीच वंदे मेट्रो चलाई जाएंगी।
- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार किए हैं जिनका सबसे ज्यादा फायदा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों और महिलाओं को हुआ है। पार्टी सांसद तेजस्वी सूर्या ने वर्ष 2024-25 के लिए शिक्षा मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर लोकसभा में चर्चा की शुरूआत करते हुए यह आरोप भी लगाया कि अनुसूचित जातियों (एसी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) की सबसे बड़ी विरोधी कांग्रेस है जिसने मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू नहीं होने दिया।
- कार्य स्थलों में महिलाएं के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास करने का दावा करते हुए श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि बीते छह साल में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।
- लोकसभा सचिवालय ने संसद की लॉबी से पानी के रिसाव के विपक्षी सदस्यों के दावे पर बृहस्पतिवार को कहा कि यह मामूली रिसाव था जो अत्यधिक बारिश के कारण भवन के गुंबद के शीशे से हुआ था। सचिवालय ने कहा कि संसद परिसर में कहीं भी जल जमाव नहीं हुआ था और बारिश के तत्काल बाद पानी की निकासी हो गई थी।
- कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने तथा भेदभाव की नीति अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि अगर देश में मुसलमान नहीं होते तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का खाता नहीं खुलता।

राज्यसभा की कार्यवाही

- सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वर्ष 2030 तक शहरों में रहने वालों की संख्या देश की कुल आबादी का 40 प्रतिशत होने का अनुमान है जिसे देखते हुए आधुनिक अवसंरचना निर्माण एवं उनका रखरखाव करना होगा और केंद्र सरकार इसके लिए प्रयासरत है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के कामकाज पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए, इस मंत्रालय के प्रभारी मनोहर लाल खट्टर ने यह भी कहा कि 1992 में 74वां संविधान संशोधन कर कहा गया कि शहरी विकास राज्यों का विषय है और शहरी स्थानीय निकायों को 12वीं अनुसूची में सूचीबद्ध 18 कार्यों को करने का अधिकार दिया।
- राज्यसभा में बृहस्पतिवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने देश में बढ़ते शहरीकरण के बावजूद आवास सहित आधारभूत ढांचे के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के समुचित ढंग से क्रियान्वयन और निगरानी नहीं होने पर चिंता जतायी, वहीं कुछ विपक्षी सदस्यों ने कल हुई वर्षा के कारण नये संसद भवन में जलजमाव को लेकर सरकार को आड़े हाथ लिया।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि बीते दस साल में केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए उसके लिए 5.15 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए जबकि कभी इस क्षेत्र को देश का अंतिम हिस्सा माना जाता था।
- राज्यसभा में बृहस्पतिवार को लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष किए जाने की मांग की गई। वर्तमान में यह 25 वर्ष है। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के राघव चड्ढा ने इस मामले को उठाते हुए हवाला दिया कि भारत एक युवा देश है लेकिन इस अनुपात में युवा राजनीति में नहीं हैं।
- कांग्रेस के प्रमोदी तिवारी ने राज्यसभा में बृहस्पतिवार को रायबरेली में 10 साल पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना के बाद भी पूर्ण क्षमता के साथ संचालित न किए जाने पर चिंता जताई और सरकार से राजनीतिक पूर्वाग्रह को समाप्त कर इस दिशा में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की मांग की।

# साइबर खतरे के बारे में जागरूकता के लिए विनीत कुमार सिंह अक्षय ओबेरॉय ने साइबर सुरक्षा मुख्यालय का दौरा किया



**दिल्ली।** सुसी गणेशन द्वारा निर्देशित और विनीत कुमार सिंह, उर्वशी रौतेला और अक्षय ओबेरॉय अभिनीत आगामी फिल्म घुसपैठिया की टीम ने कफ परेड के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में साइबर सुरक्षा मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरे में महाराष्ट्र साइबर विभाग के आईजीपी श्री यशस्वी यादव आईपीएस के साथ बैठक शामिल थी, जिसमें भारत और दुनिया भर में साइबर धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरे के दौरान, अभिनेता विनीत कुमार सिंह और अक्षय ओबेरॉय ने निर्देशक सुसी गणेशन के साथ साइबर अपराधों के प्रचलित मुद्दों के बारे में आईजीपी यशस्वी यादव के साथ एक व्यावहारिक चर्चा की। विनीत कुमार सिंह ने कहा, साइबर धोखाधड़ी एक बढ़ता हुआ खतरा है, और लोगों को ऑनलाइन सामना करने वाले खतरों के बारे में जागरूक होना महत्वपूर्ण है। हमारा उद्देश्य अपने मंच का उपयोग शिक्षित करने और सुरक्षा के लिए करना है। अक्षय ओबेरॉय ने जोर देकर कहा, साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति को समझकर, हम खुद को और अपने प्रियजनों को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकते हैं। यह दौरा हमारी आँखें खोलने वाला रहा है, और हम इस जागरूकता को फैलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। निर्देशक सुसी गणेशन ने साझा किया, हमारी फिल्म घुसपैठिया न केवल मनोरंजन करती है, बल्कि साइबर खतरों के खतरों को उजागर करने के एक बड़े उद्देश्य को भी पूरा करती है। साइबर विभाग के साथ यह बातचीत इन अपराधों के खिलाफ लड़ने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है। ईजीपी यशस्वी यादव ने अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा, साइबर अपराध के खिलाफ हमारी लड़ाई में इस तरह की पहल महत्वपूर्ण हैं। फिल्म उद्योग की एक शक्तिशाली आवाज है, और मैं घुसपैठिया की टीम की सराहना करता हूँ कि उन्होंने जागरूकता पैदा करने और पीड़ितों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अपने मंच का उपयोग किया। घुसपैठिया के निमार्ताओं ने #MyGhuspAithiyAStory अभियान भी शुरू किया है, जिसमें साइबर खतरों का सामना करने वाले व्यक्तियों से अपने अनुभव साझा करने और1 लाख का नकद पुरस्कार जीतने का आग्रह किया गया है। मीडिया के सम्मानित सदस्य इन कहानियों का मूल्यांकन करेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर आवाज सुनी जाए और उसका सम्मान किया जाए। टीम साइबर खतरों के खतरों के बारे में पीड़ितों को बोलने और दूसरों को शिक्षित करने के लिए एक मंच प्रदान करके समाज को एक सुरक्षित स्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# हमारा राष्ट्र का वैभव अमर रहे हम रहें कि न रहें – सरसंघचालक प्रमुख पूज्य श्री मोहन भागवत जी

**दिल्ली (चोटीपुरा, अमरोहा), अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ व पीआरओ, दिल्ली।**

सूचनीय है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,दिल्ली के द्वारा अनुदानित श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, चोटी पुरा, अमरोहा, उत्तर प्रदेश के छात्राओं के भारतीय षोड्स संस्कारों के अन्तर्गत उपनयन संस्कार के एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में डा श्री मोहन भागवत जी, सरसंघचालक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गरिमामय उपस्थिति । इस कार्यक्रम में इसी महाविद्यालय का एक नूतन भवन का भी उनके कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया गया। सरसंघचालक श्री भागवत जी ने यहां के छात्राओं के साथ सीधी बातचीत भी की। इसी क्रम में उनसे एक छात्रा के द्वारा पूछे गये एक प्रश्न कि आदरणीय सरसंघचालक महोदय जी आप क्यों नहीं प्रधान मन्त्री बने? तो , उसके उत्तर में उन्होंने कहा कि आप सभी छात्राएं यहां कुछ बनने के लिए नहीं आयीं हैं, बल्कि इसके उन्नयन हेतु यहां के खम्भों को सशक्त बनाने में अपने आप को पूरे समर्पण भाव से न्यौछावर कर देने के लिए हैं। नहीं तो , आप लोगों को यहां आने की क्या आवश्यकता थी अपने घर में ही बैठी रहतीं । साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि देश के विकास के लिए हमे समरस तथा उसमें विलीन हो कर काम करना चाहिए और हम अलग भी नहीं दिखें । हमारा राष्ट्र का वैभव अमर रहे ,हम रहें कि न रहें। उन्होंने आगे छात्राओं को संबोधित करते यह भी स्पष्ट रुप में कहा कि देश के लिए किसको और कब तक काम कहना है यह संघ सुनिश्चित करता है। इस उपनयन संस्कार कार्यक्रम तथा 'संस्कृत - नीड़म्' नामक एक नूतन भवन के उद्घाटन के अवसर पर न्यायशास्त्र तथा भारतीय संस्कृति के शसक्त ध्वजवाहक और केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय , दिल्ली के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी और कन्या शिक्षा तथा उनके उन्नयन के लिए समर्पित इस महाविद्यालय की प्राचार्या डा सुमेधा की भी गरिमामयी उपस्थति रही। प्रो वरखेड़ी ने कहा कि देश की आजादी के अमृत महोत्सव के पावन वेला में संघ प्रमुख माननीय डा भागवत महोदय जी का इस परिसर में पदार्पण होना न केवल इस महाविद्यालय, अपितु समग्र संस्कृत परिवार के लिए भी अविस्मरणीय गौरव का क्षण है । उनकी उपस्थिति से संस्कृत के लोक मानस के लिए गरिमा की अपार श्रीवृद्धि भी हुई है ।इस भव्य समारोह में अनेक गण्यमान अतिथियों भी उपस्थित थे। सूचनीय है कि चोटीपुरा का यह भव्य कन्या महाविद्यालय न केवल वैश्विक क्रीड़ा स्पधाओं में, बल्कि देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों तथा प्राशासनिक क्षेत्रों में भी अपना महनीय योगदान दे रहा है । इसमे गुजरात के वर्तमान महामहिम जी की पौत्री भी अध्ययन कर रहीं हैं ।







# नीट-यूजी री-रिवाइज्ड रिजल्ट में एलन के 6 स्टूडेंट्स को आल इंडिया रैंक-1

- एलन के टॉप–50 में 22 और 100 में 39 स्टूडेंट्स



कोटा, जुलाई : नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से शुक्रवार को नीट-यूजी 2024 का री-रिवाइज्ड रिजल्ट जारी कर दिया। इन परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है।

एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि अभी तक देखे गए परिणामों के अनुसार रिजल्ट्स में टॉप आल इंडिया रैंक-1 परफेक्ट स्कोर में एलन के 6 स्टूडेंट्स शामिल हैं, जिन्होंने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। इसमें माजिन मंसूर, प्राचीता, दिव्यांश, माने नेहा कुलदीप, तेजस सिंह और अर्गदीप दत्ता शामिल हैं।

इसके साथ ही टॉप-50 में एलन के 22 तथा टॉप-100 में एलन के 39 स्टूडेंट्स रहे हैं। इन 39 विद्यार्थियों में 24 एलन के रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम से, 8 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग कोर्स तथा 7 एलन आनलाइन टेस्ट सीरीज से हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट माजिन मंसूर ने नीट 2024 में एआईआर-1 हासिल की है। माजिन ने नीट में परफेक्ट 720 में से 720 स्कोर हासिल किया है। राजस्थान के झुंझुनू निवासी प्रचिता ने नीट रि-रिवाइज्ड रिजल्ट में परफेक्ट स्कोर 720 में से 720 अंक हासिल किए हैं। प्रचिता ने 10वीं कक्षा में 99.8 प्रतिशत अंक हासिल किए थे और झुंझुनू में सिटी टॉपर रह चुकी है। इसी वर्ष नीट के साथ उसने 12वीं कक्षा भी 96.6 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण की है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के क्लासरूम स्टूडेंट तेजस सिंह ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2024 में ऑल इंडिया रैंक 01 हासिल की है। तेजस ने परीक्षा में परफेक्ट 720 में से 720 परफेक्ट स्कोर हासिल किया है। तेजस ने 10वीं कक्षा 97.2 एवं इसी वर्ष नीट की तैयारी के साथ ही 12वीं कक्षा भी 95.4 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की है। तेजस ने नीट के साथ जेईई मेन की परीक्षा भी दी थी, जिसमें उसने 99.73 परसेन्टाइल एवं फिजिक्स में 100 परसेन्टाइल स्कोर किए थे।

# बीते साढे 4 सालों में राज्य सरकार ने हर वर्ग की खुशहाली का रखा विशेष ध्यान : महीपाल ढांडा

## मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के आदेश



मंत्री महीपाल ढांडा गांव गढी सिकंदरपुर में जनसमस्याएं सुनते हुए। छाया :मोहन लाल

पानीपत, जुलाई : हरियाणा के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा ने आपकी सरकार आप के द्वार कार्यक्रम के तहत जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए जिले के गांव काबड़ी व गढी सिकंदरपुर में कहा कि वे लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए आए हैं। मंत्री ने कहा कि बीते साढे चार सालों में राज्य सरकार ने हर वर्ग की खुशहाली का विशेष ध्यान रखा है। मंत्री ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना व अधिकारियों को कम से कम समय में समाधान के आदेश दिये। मंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार का भी धेय्य प्रदेश को समृद्ध व खुशहाल बनाने का है। इसको लेकर सरकार ने जो योजनाएं प्रारंभ की है वर्तमान में हर वर्ग उन योजनाओं से लाभन्वित हो रहा है। गांव परिसर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने मंत्री का फूलों की मालाओं व बुके देकर जोरदार अभिनंदन किया। मंत्री ने लोगों को बताया कि पात्र लोग आपकी बेटी हमारी बेटी के जन्म पर 21 हजारी की राशि एलआईसी में जमा करवा का लाभ ले सकते हैं। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री दुग्ध उपहार योजनाए हाई टेक ओर मिनी डेयरी इकई की स्थापना योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान योजना,मुख्यमंत्री विवाह शगून योजना, वृद्ध भत्ता सम्मान योजना, हरियाण दिव्यांग व्यक्ति योजना, चिरायु जैसे अनेक ऐसी योजनाएं हैं। जिनका लाभ लेकर प्रदेश का हर वर्ग का व्यक्ति लाभंवित हो रहा है। विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि वे पूरी 5 साल लोगों के साथ जुड़े रहे है व सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ का उन्हें लाभ भी उपलब्ध कराया है। मंत्री ने कहा कि अधिकारी लोगों की समस्याओं को हलके में ना ले व ना ही उन्हें झुठी तसल्ली दें। बस उनके कार्य में रूचि ले और कम से कम समय उनकी समस्या के निदान में लगाये। दोनों गावं में कुल 80 के करीब लोगों ने बिजली.पानी बिजली का बिल ज्यादा आने से संबंधितए ट्रिपल पी से संबंधित समस्याएं रखी जिनका मंत्री ने अधिकारियों के सहयोग से निदान करने के आदेश दिये। रखी । खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित भी काई समस्याएं आई। कई जरूरतमंदों ने मकान पक्का करवाने की मांग भी मंत्री के समक्ष रखी। नालियों व गलियों को पक्का करने व पानी की निकासी से संबंधित भी कई समस्या कार्यक्रम में प्राप्त हुई। विकास एवं पंचायत सहकारिता मंत्री ने लोगों को आश्वस्त किया कि वो सरकार के प्रति भरोसा रखे व गुमराह होने से बचे। इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता विनय रावल, डीडीपीओ मुनीश, राजेश एसडीओ सिंचाई विभाग, बीजेपी मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, ओएसडी गुलाब पांचाल, सरपंच सोनू, सरपंच किरण, सरपंच पति सतपाल, सरपंच सतीश, सोहन सरपंच शिमला मौलाना, बिजली विभाग के जेई सुभाष त्यागी, एसडीओ नरेंद्र जागलान, एसडीओ पब्लिक हेल्थ राजेश, प्रिंसिपल रविंद्र डिकाडला, दीपक बीडीएम कृषि विभाग, सीमा व स्वीता सुपरवाइजर कृषि विभाग, परमजीत राठी एसडीओ पंचायती राज, सुनील जेई पब्लिक हेल्थ आदि मौजूद रहे।

# उचाना, खटकड़, सफीदों और अंबाला की औद्योगिक इकाइयों की योजना को गति दे भाजपा सरकार : दुष्यंत चौटाला

**पूर्व डिप्टी सीएम बोले, उचाना में हमारे द्वारा 1200 करोड़ से ज्यादा रुपए के करवाए गए विकास कार्यों की बीरेंद्र सिंह को घबराहट**

चंडीगढ़, जुलाईः हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पूर्व गठबंधन सरकार ने चार सालों में प्रदेश के निजी उद्योगों को बढ़ावा दिया था लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार ने पिछले चार महीने में प्राइवेट सेक्टर को निराश करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के प्रयासों से मारुति जैसे बड़े उद्योग आज प्रदेश में विस्तार चाहते है, लेकिन मौजूदा सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है। बुधवार को दुष्यंत चौटाला उचाना में पत्रकारों से रूबरू थे। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा सरकार से मांग करते हुए कहा कि खटकड़, उचाना, अंबाला के अलावा सफीदों में मुंबई एक्सप्रेस व 152-डी के पास बनने वाली औद्योगिक इकाइयों की योजना को सरकार गति दें। उन्होंने कहा कि सरकार ई-भूमि के जरिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरी करे और इन औद्योगिक इकाइयों को स्थापित करवाएं ताकि इससे रोजगार और उद्योग को बढ़ावा मिले।

कांग्रेस नेता बीरेंद्र चौधरी के एक बयान पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उन्होंने अब तक उचाना के विकास के लिए 1200 करोड़ से ज्यादा पैसा खर्च किया है, ऐसे में बीरेंद्र सिंह बताएं कि उन्होंने पिछले 40 सालों में उचाना के विकास के लिए क्या किया है? पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने द्वारा करवाए गए काम जनता को गिनवा सकते है, लेकिन बीरेंद्र सिंह खुद मंत्री रहे, उनकी पत्नी विधायक रही, वे उचाना में करवाए कोई 10 विकास कार्य बताएं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हमारे द्वारा करवाए गए विकास कार्यो की बीरेंद्र सिंह को घबराहट है, तभी वे ऐसी बहकी-बहकी बातें करते है।

एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 'नॉन-स्टॉप हरियाणा की बात करने वाली भाजपा को लोकसभा चुनाव में जनता ने ट्रेलर दिखा दिया है और विधानसभा चुनाव में बीजेपी को पूरी पिक्चर भी दिखा देंगे। साथ ही दुष्यंत चौटाला ने पेरिस ओलंपिक में हरियाणा के शूटर खिलाड़ी मनु भाकर और सरबजोत सिंह द्वारा भारत के लिए मेडल जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि दो मेडल जीतकर मनु भाकर ने इतिहास रचा है और उन्हें उम्मीद है कि हरियाणा के खिलाड़ी ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# न कोई निवेश, न परिवेश, बेरोजगारी से त्रस्त प्रदेशः कुमारी सैलजा

## तिलिस्म बन चुकी सरकारी नियुक्ति से आजिज युवाओं को प्राइवेट जॉब भी खतरे में नजर आ रही है



सैलजा

चंडीगढ़, जुलाई : अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा के राज में न कोई निवेश, न कोई परिवेश, प्रदेश का युवा बेरोजगारी से त्रस्त है। ईपीएफओ की रिपोर्ट बेरोजगारी से त्रस्त युवा और बढ़ती बेरोजगारी की कलई खोल रही है। पहले नौकरी पाने वालों की संख्या पांच लाख घटी है। देश में एक साल में निजी क्षेत्र में सात लाख जॉब कम हुई है। युवाओं को गुमराह करने वाली इस सरकार को युवा शक्ति सबक सिखाकर रहेगी।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि रोजगार के नाम भाजपा की सरकार युवाओं को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई को लोकसभा में पेश इकोनामिक सर्वे में सरकार ने खुद कहा है कि अच्छी ग्रोथ और गैर सरकारी क्षेत्र में हर साल 78 लाख नौकरियां चाहिए पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का ताजा पेरोल डाटा बताता है कि वित्त वर्ष 2023-24 में पिछले साल के मुकाबले 07 लाख नौकरियां कम हो रही है जो पिछले पांच साल में सबसे बड़ी गिरावट है। कोरोना काल में एक लाख की गिरावट आई थी। महाराष्ट्र में 5.84 लाख नौकरियां कम हुई है, हरियाणा में 9.47 प्रतिशत नौकरियां कम हुई है। नौकरियों में गिरावट मैन्युफैक्चरिंग, आईटी और सर्विस सेक्टर में सबसे ज्यादा आई है। उन्होंने कहा कि इस साल देश में डेढ़ करोड़ ग्रेजूएट तैयार हो रहे है, इसमें 20 लाख नौकरियों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते है कि महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और हरियाणा ऐसे पांच राज्य है जहां पर तेजी से प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं।

उन्होंने कहा है कि पहली बार नौकरी पाने वाले करीब 05 लाख घट रहे हैं। पुरानी नौकरी भी कम हो रही है। स्वैच्छा से नौकरी छोड़ने वालो की संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश में हर साल 15 प्रतिशत ज्यादा नौकरी चाहिए, वर्ष 2023-24 में करीब 1.06 करोड लोग जॉब मार्केट में आए थे इस साल इनकी संख्या बढ़कर 1.20 करोड़ हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने की बात करती है दावा करती है पर आंकड़े उसकी पोल खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी देकर सरकार भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### कांग्रेस संदेश यात्रा 3 से

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा 3 अगस्त दिन शनिवार शाम 4 बजे कांग्रेस संदेश यात्रा के माध्यम से भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध आयोजित पदयात्रा का हिसार के डोगरान मोहल्ला बाजार, गुरु रविदास चौक (भाभड़ा चौक) से शुभारंभ करेंगी। पदयात्रा का शुभारंभ हिसार के गुरु रविदास चौक (भाभड़ा चौक) से इंद्रा मार्केट, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, राजगुरु मार्केट, नागोरी गेट मार्केट, मोती बाजार, गांधी चौक, भगत सिंह चौक, पड़ाव चौक, जहाजपुल चौक, मुल्तानी चौक से होकर वापस गुरु रविदास चौक (भाभड़ा चौक) पर समापन होगा।

**प्रदेश में एनएचएम कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन छठे दिन में प्रवेश करने के बाद बिगड़े हालात**

# हरियाणा में एनएचएम कर्मियों ने सेवा नियम फ्रीज करने के आदेशों की प्रतियां जलाकर जताया रोष



एनएचएम मुख्यालय पर कर्मचारी सेवा नियम फ्रीज करने के आदेशों की प्रतियां जलाकर रोष प्रकट करते हुए।

चंडीगढ़, जुलाई : हरियाणा में एनएचएम कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन छठे दिन में प्रवेश कर गया है। जिसके चलते प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। बुधवार को एनएचएम कर्मियों ने सरकार द्वारा सेवा नियम फ्रीज करने के तुगलकी फरमानों की प्रतियां जलाकर रोष जताया। प्रदेश मीडिया प्रभारी वसीम अली व सांझा मोर्चा कमेटी की सदस्य कुलविंदर कौर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2017 में हरियाणा के सभी एनएचएम कर्मचारियों को तत्कालीन मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने सर्विस बाय लॉज का लाभ दिया था। परंतु अब सरकार एनएचएम कर्मचारियों के अधिकारों को खत्म करने जा रही है। क्योंकि सरकार में बैठे अधिकारियों की मंशा कर्मचारियों के प्रति सही नहीं है। उन्होंने बताया कि पूरे हरियाणा के एनएचएम कर्मचारी 100 प्रतिशत आंदोलन में होने के कारण सरकार द्वारा चलाई जा रही रेफरल ट्रांसपोर्ट पूर्ण रूप से बंद है। इसकी एवज में आउटसोसिंग ड्राइवरों से 72 घंटे एंबुलेंस चलवाई जा रही है। जिसमें मरीज के साथ कोई भी दुर्घटना हो सकती है। साथ ही इम्युनिजेशन भी पूर्ण रूप से बंद है। हालांकि अंबाला में बुधवार को एनएचएम कर्मचारियों की स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से मुलाकात हुई। जिन्होंने कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए कहा कि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का हल निकालने के लिए अपनी फोर्स लगाई हुई है। जल्द ही कोई सकारात्मक हल निकाला जाएगा।

# प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के नाम से बनेगा विश्वविद्यालयः दीपेन्द्र हुड्डा





सिरसगढ़ आश्रम में संतों से आशीर्वाद लेते हुए, ओलपिंक पदक विजेता सरबजोत सिंह के माता-पिता को बधाई देते हुए। (मसोन)

बराड़ा, जुलाई : सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज संसद से सीधे मुलाना विस क्षेत्र के सिरसगढ़ में श्री 108 संत निरंजन दास जी द्वारा आयोजित संत गुरु रविदास धर्म अस्थान के 21वें स्थापना दिवस और श्री 108 संत रामानंद जी महाराज के 15वें शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रियंका गांधी का संदेश लेकर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सांसद वरुण मुलाना भी मौजूद रहे। दीपेन्द्र हुड्डा ने संत रविदास जी और संत रामानंद जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का संदेश पढ़ा। अपने संदेश में प्रियंका गांधी ने लिखा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 21वीं वर्षगांठ उत्सव पर वे गुरु रविदास जी महाराज के चरणों में नमन करते हुए इस आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करती हैं। प्रियंका गांधी ने इस आयोजन के दौरान सामाजिक मूल्यों के लिए शहादत देने वाले संत श्री रामानन्द जी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया और संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जय लिखते हुए अपना संदेश दिया।

इस अवसर पर सांसद दीपेन्द्र हुड्डा और सांसद वरुण मुलाना ने गुरु रविदास धर्म अस्थान को अपनी सांसद निधि से 51 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। पिछले वर्ष भी सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने अपनी सांसद निधि से अस्थान सवा 31 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के समय सोनीपत में बाबा साहब के नाम से सोनीपत में लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई थी।

इसके अलावा 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट, दाल-रोटी योजना, पानी की टंकी, गरीब छात्रों को वजीफे समेत अनेकों योजनाएं चलाई गई जिसे बीजेपी सरकार ने बंद कर दिया। उन्होंने ऐलान किया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के नाम से विश्वविद्यालय बनाया जायेगा।

# पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने फिर राहुल गांधी को जातिगत जनगणना के सवाल पर घेरा

अम्बाला छावनी, जुलाई : हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने आज फिर लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी को जातिगत जनगणना के सवाल पर घेरा और प्रश्न उठाते हुए कहा कि 'राहुल गांधी बार-बार जातिगत जनगणना करने के लिए शोर मचा रहे हैं। ये मन में बार-बार प्रश्न उठा कि उसकी जाति क्या होगी'। इधर, विज ने आज टवीट पर भी (अब एक्स) कहा कि 'राहुल गांधी आप जातिगत जनगणना करवाने की बात कर रहे हो मै पूछना चाहता हूं कि जो क्रास ब्रीड हो यानी जिसका दादा पारसी हो और मां इटालियन हो तो उसको किस जाती में लिखा जाएगा'। उल्लेखनीय है कि लोकसभा सत्र के दौरान हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने जाति न होने पर सवाल उठाया था, जिसकी कोई जाति नहीं उसकी जनगणना कैसे होगी, इस पर लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने कहा था कि हम जातिगत जनगणना को करवाकर पास करने का काम करेंगें।

**SALE NOTICE**

"Avialable for Sale EICHER PRO 2075, Reg. No-No.: DL-1LAH-6013, Model – 2022."

For details, contact Sundaram Finance Limited. Branch : OKHLA / RETAIL BRANCH, B-188, First Floor, DDA Shed, Okhla Industrial Area Phase-1 New Delhi - 110 020

Mobile: 8130090700

# हरियाणा

# बाप-बेटे छल-कपट की राजनीति से सत्ता हथियाना चाहते हैं : बड़ौली

## कहा, भाजपा ने गरीब के बेटे को मुख्यमंत्री बनाकर आगे बढ़ने का अवसर दिया



कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, विधायक व उपस्थित कार्यकर्ता।

यमुनानगर, जुलाई : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस की कुटिलता को जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है। विधानसभा चुनाव में हरियाणा की जनता कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर देगी। बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस के पास प्रदेश के विकास और जनता की सेवा करने का कोई विजन नहीं है, कांग्रेस सिर्फ झूठ और छल-कपट की राजनीति के सहारे सत्ता पर काबिज होने का सपना देख रही है, जिसे जनता कभी पूरा नहीं होने देगी। मोहन लाल बड़ौली बुधवार को यमुनानगर-जगाधरी में अपने अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यहां पहुंचने पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली का कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व विधायक घनश्यामदास अरोड़ा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया तथा जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत एवं अभिनंदन से गदगद प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह स्वागत आप सभी निष्ठावान कार्यकर्ताओं का स्वागत है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की जनता का भाजपा में विश्वास है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस से झूठ और भ्रम फैलाने का हिसाब-किताब लेगी। उन्होंने कहा कि हमारे निष्ठावान कार्यकर्ताओं की ताकत और जनता के समर्थन से हरियाणा में तीसरी बार सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। पूर्व मंत्री प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि भाजपा संगठन मजबूती से कार्य कर रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के नेतृत्व, मार्गदर्शन व अनुभव का सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली की जोड़ी जुगलबंदी से जिला की जगाधरी, यमुनानगर, रादौर, सढौरा विधानसभा सीटों पर भाजपा चुनावों में विजय पताका लहराएंगी। इस दौरान महामंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश सचिव राहुल राणा, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीण शर्मा पिन्नी, पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा, पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आंनद, पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग, प्रदेश आईटी प्रमुख आदित्य चावला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति जौहर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, भाजपा नेता देवेंद्र चावला, कुसुम शेरवाल, भाजपा नेत्री संगीता सिंघल, विभोर पहुजा, शुभम राणा, आदि हजारों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपा में ही बड़े से बड़े पद पर पहुंच सकता है कार्यकर्ता : कृषि मंत्री

**कृषि** मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें एक साधारण कार्यकर्ता बड़े से बड़े पद तक पहुंच सकता है। प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष बन सकता है जिसका मोहन लाल बडौली जीवंत उदाहरण हैं। जबकि कांग्रेस में एक परिवार के लोग ही उच्च पद पर बैठते हैं और परिवार से बाहर कांग्रेस जा नहीं सकती। कृषि मंत्री ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष की प्रशंसा करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने बड़ौली के रूप में एक हीरे का चयन किया है।

### यमुनानगर की चारों विधानसभाओं में खिलेगा कमल : विधायक

**यमुनानगर** से भाजपा विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर श्री बडौली को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मोहन लाल बडौली के नेतृत्व में हरियाणा में कमल खिलेगा। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली को विश्वास दिलाया की जिला यमुनानगर की सभी चारों विधानसभाओं में कमल खिलेगा और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

## सांसद कार्तिकेय ने राज्यसभा में उठाया अंबाला में आईएमटी निर्माण का मुद्दा



कार्तिकेय शर्मा

चंडीगढ़, जुलाई : सांसद कार्तिकेय शर्मा ने राज्यसभा में बोलते हुए कहा कि अंबाला में (आईएमटी) इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप की स्थापना पिछले 14-15 साल से जनता की मांग रही है, जो इस क्षेत्र की आर्थिक क्षमता और औद्योगिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से प्रेरित है। अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर होने के कारण दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे बड़े शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी का आनंद लेता है। हालांकि अंबाला का वर्तमान औद्योगिक सेटअप अभी भी अविकसित है। जिस क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि बाधित होती है और रोजगार के अवसर सीमित हो जाते हैं। अंबाला में आईएमटी की स्थापना न केवल वहां की बेरोजगारी की दर को कम करेगा बल्कि आर्थिक स्थिरता को भी मजबूत करेगा। आईएमटी से जुड़ा बुनियादी ढांचे का विकास जिसमें बेहतर नागरिक सुविधाएं और लॉजिस्टिक सुविधाएं शामिल हैं, कनेक्टिविटी और रहने की गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा। जिसमें न केवल औद्योगिक संचालन बल्कि निवासियों को दैनिक जीवन को भी लाभ होगा। इसी तरह कालका एचएमटी फैक्टरी बंद होने से अंबाला संसदीय क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र में इंडस्ट्रीज पर भी बहुत प्रभाव पड़ा है। हालांकि इस कारण शहर में बुनियादी विकास सड़क कनेक्टिविटी की कमी थी, लेकिन इससे अंबाला संसदीय क्षेत्र का समग्र विकास धीमा हो गया है इसलिए भारत सरकार से अनुरोध है कि वह कालका के विकास के लिए शीघ्र ही उचित उद्योग स्थापित करें। वहीं अंबाला में आईएमटी की स्थापना करें। जिससे न केवल अंबाला बल्कि समस्त हरियाणा और आसपास के क्षेत्र के लोगों को विकास सुनिश्चित होगा।

## युवा सेवा संकल्प दिवस के रूप में इनसो भरेगी हुंकारः दिग्विजय



इनसो पदाधिकारियों को संबोधित करते दिग्विजय चौटाला।

सिरसा, जुलाईः जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आगामी 5 अगस्त को इनसो स्थापना दिवस पर इनसो छात्र संगठन सिरसा की चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी से एक नई हुंकार भरेगा, जिससे प्रदेश की राजनीति में एक दूरगामी संदेश जाएगा।

दिग्विजय ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला इनसो स्थापना दिवस के मंच से युवाओं के लिए बड़ी घोषणा करेंगे। इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल ने कहा कि अब समय है कि इनसो का कोई साथी प्रदेश की विधानसभा में पहुंचे ताकि छात्र वर्ग के मुद्दों को प्रभावी तौर पर विधानसभा के पटल पर रखा जा सके। सिरसा में जेजेपी की छात्र इकाई इनसो की राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में दिग्विजय चौटाला इनसो कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय ने कहा कि इनसो ने सदा ही प्रदेश की राजनीति को नई दशा दी है और सदैव ही विपरीत हालात में पार्टी नेतृत्व को मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि धारा के विपरीत तैरना इनसो को बहुत अच्छे से आता है और वह मौका फिर से इनसो के पास आया है और उन्हें पूरा भरोसा है कि इनसो का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी जान लगाकर स्थापना दिवस को सफल बनाएगा। उन्होंने कहा कि एक बेहद सफल स्थापना दिवस के माध्यम से विधानसभा चुनाव से पहले इनसो प्रदेश की राजनीति में बड़ा संदेश देगी। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पिछले चुनाव से पहले इनसो के मंच से जो भी वादे किए थे, वो सभी लगभग पूरे हो चुके हैं। इस बार भी इनसो स्थापना दिवस के मंच से दुष्यंत चौटाला प्रदेश के युवाओं के लिए बड़ी घोषणा करेंगे जिससे प्रदेश के युवा वर्ग में एक बड़ा संदेश जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल ने कहा कि प्रदेश के छात्र वर्ग के अनेक मुद्दे व समस्याएं हैं जिनका समाधान होना बाकी है, इसलिए जरूरी है कि छात्र वर्ग से सीधा जुड़ाव रखने वाला व्यक्ति विधानसभा में पहुंचे ताकि वह पुरजोर तरीके से छात्रों के मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित कर समाधान करवा सके। इस अवसर पर जेजेपी के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, जेजेपी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जेजेपी नेता सर्वजीत मसीता, रणदीप मटदादू, इनसो प्रदेश अध्यक्ष अजय राव, इनसो प्रदेश प्रभारी रवि मसीतां समेत अनेक इनसो पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी पहुंचे श्री बाबा तारा की समाधि, नवाया शीश



श्री तारा बाबा कुटिया में पूजा-अर्चना करते सीएम नायब सिंह सैनी।

सिरसा, जुलाई : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को रानियां रोड स्थित श्रीबाबा तारा कुटिया पहुंचे जहां पर उन्होंने बाबाजी की समाधि पर जाकर शीश नवाया और पूजा अर्चना की। कुटिया में शिवरात्रि को लेकर जारी विशेष पूजा में वे शामिल हुए।

इससे पूर्व श्री बाबा तारा की कुटिया पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी का अभिनंदन सिरसा विधायक गोपाल कांडा, भाजपा नेता गोविंद कांडा, धवल कांडा, धैर्य कांडा ने बुकें भेंट कर किया। इस मौके पर उनके साथ पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर, वरिष्ठ भाजपा नेता मनजिंद्र सिंह सिरसा, भाजपा जिलाध्यक्ष शीशपाल कंबोज, प्रदीप रातुसरिया आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले श्री बाबा तारा की समाधि पर शीश नवाकर समाधि पर पुष्प चढ़ाए। साथ ही बाबाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे शिवरात्रि को लेकर चल रहे विशेष पूजा पाठ स्थल पर गए, देवी देवताओं को शीश नवाया और पूजा में शामिल हुए। वहां पर पूजा पाठ करवा रहे 11 ब्राह्मणों ने विशेष पूजा करवाई। बाद में उन्होंने बाबाजी के आवास के दर्शन किया। भाजपा नेता गोविंद कांडा ने मुख्यमंत्री को बताया कि बाबा जी का अखंड धूणा पिछले 85 सालों से जारी है। इस दौरान उन्होंने बाबाजी के समय के सामान और उनके द्वारा प्रयोग की गई वस्तुओं और सामान के दर्शन भी करवाए। मुख्यमंत्री ने बाद में एक सामान्य श्रद्धालु की भांति धरती पर बिछाए गए मैट पर बैठकर ध्यान लगाया। गोविंद कांडा ने सीएम को कुटिया की ओर से पवित्र रूद्राक्ष माला पहनाई। बाद में सीएम का काफिला विधायक गोपाल कांडा के आवास अलख निरंजन भवन भी पहुंचा जहां कांडा परिवार के सदस्यों सरस्वती कांडा, सरिता कांडा, संगीता कांडा, पूर्व पार्षद सुमन कंदोई, कोकिला अग्रवाल, सुशीला कांडा, दया कांडा, रियोम नारंग, प्रांजय नारंग, श्याम गोयल, जलज अग्रवाल आदि ने उनका स्वागत किया।

## पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने फिर राहुल गांधी को जातिगत जनगणना के सवाल पर घेरा

### मैं जानना चाहता हूं कि यदि कोई क्रास ब्रीड होगा, यानि दादा उसका पारसी होगा और मां इटालियन होगी तो उसका किस जाति में लिखा जाएगा : विज



गृह मंत्री अनिल विज

अम्बाला छावनी, जुलाई : हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने आज फिर लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी को जातिगत जनगणना के सवाल पर घेरा और प्रश्न उठाते हुए कहा कि 'राहुल गांधी बार-बार जातिगत जनगणना करने के लिए शोर मचा रहे हैं। मैं जानना चाहता हूं कि यदि कोई क्रास ब्रीड होगा, यानि दादा उसका पारसी होगा और मां इटालियन होगी तो उसका किस जाति में लिखा जाएगा, ये मन में बार-बार प्रश्न उठा कि उसकी जाति क्या होगी'। विज ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए यह बात कही। इधर, विज ने आज टवीट पर भी (अब एक्स) कहा कि 'राहुल गांधी आप जातिगत जनगणना करवाने की बात कर रहे हो मै पूछना चाहता हूं कि जो क्रास ब्रीड हो यानी जिसका दादा पारसी हो और मां इटालियन हो तो उसको किस जाती में लिखा जाएगा'। उल्लेखनीय है कि लोकसभा सत्र के दौरान हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने जाति न होने पर सवाल उठाया था, जिसकी कोई जाति नहीं उसकी जनगणना कैसे होगी, इस पर लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने कहा था कि हम जातिगत जनगणना को करवाकर पास करने का काम करेंगें।

## प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के नाम से बनेगा विश्वविद्यालयः दीपेन्द्र हुड्डा

### सांसद दीपेंद्र हुड्डा और सांसद वरुण मुलाना ने सांसद निधि से गुरु रविदास धर्म अस्थान को 51 लाख देने की घोषणा की





सिरसगढ़ आश्रम में संतों से आशीर्वाद लेते हुए, ओलपिंक पदक विजेता सरबजोत सिंह के माता-पिता को बधाई देते हुए। (मसोन)

बराड़ा, जुलाई : सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज संसद से सीधे मुलाना विस क्षेत्र के सिरसगढ़ में श्री 108 संत निरंजन दास जी द्वारा आयोजित संत गुरु रविदास धर्म अस्थान के 21वें स्थापना दिवस और श्री 108 संत रामानंद जी महाराज के 15वें शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रियंका गांधी का संदेश लेकर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सांसद वरुण मुलाना भी मौजूद रहे। दीपेन्द्र हुड्डा ने संत रविदास जी और संत रामानंद जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का संदेश पढ़ा। अपने संदेश में प्रियंका गांधी ने लिखा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 21वीं वर्षगांठ उत्सव पर वे गुरु रविदास जी महाराज के चरणों में नमन करते हुए इस आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करती हैं। प्रियंका गांधी ने इस आयोजन के दौरान सामाजिक मूल्यों के लिए शहादत देने वाले संत श्री रामानन्द जी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया और संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जय लिखते हुए अपना संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद दीपेन्द्र हुड्डा और सांसद वरुण मुलाना ने गुरु रविदास धर्म अस्थान को अपनी सांसद निधि से 51 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। पिछले वर्ष भी सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने अपनी सांसद निधि से अस्थान सवा 31 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के समय सोनीपत में बाबा साहब के नाम से सोनीपत में लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई थी। इसके अलावा 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट, दाल-रोटी योजना, पानी की टंकी, गरीब छात्रों को वजीफे समेत अनेकों योजनाएं चलाई गई जिसे बीजेपी सरकार ने बंद कर दिया। उन्होंने ऐलान किया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के नाम से विश्वविद्यालय बनाया जायेगा।

### हरियाणा के खिलाड़ियों से किया जा रहा भेदभाव

**दीपेन्द्र हुड्डा** ने पत्रकारवार्ता में कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी ओलपिंक में सबसे ज्यादा पदक लाते है लेकिन खेलों इंडिया के तहत हरियाणा को मात्र 65 करोड़ रुपए जोकि खेल बजट का मात्र 3 प्रतिशत दिया गया है, जबकि गुजरात को 500 करोड़ रूपए का बजट दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहला ऐसा बजट है जिसमें हरियाणा का नाम तक नही लिया गया। अनुराग ठाकुर के जाति जनगणना के बारे में दिए गए ब्यान पर हुड्डा ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने देश के एस.सी., पिछड़ा, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज की बेईज्जत किया है। कंगणा राणावत द्वारा राहुल गांधी पर दिए गए ब्यान पर दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि देश उनको सीरियस नही लेता। वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सक्षम है और हरियाणा की सभी 90 सीट पर अकेले चुनाव लड़ेगी। उन्होंनें कहा कि हरियाणा सरकार की फेल नीतियों के कारण देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में है। देश में सबसे ज्यादा अपराध हरियाणा में है। हरियाणा के नौजवान देश से पलायन करने को मजबूर है। सरकार में भाजपा 10 साल से बैठी है और हिसाब कांग्रेस से मांग रही है। हरियाणा में हर महकमे में हड़ताले चल रही है और जनता परेशान हो रही है। हरियाणा सी.एम. फतेहाबाद में 10 में से 7 काम हमारी सरकार के ही गिनवा रहे थे।

### जवान गुरप्रीत व ओलंपिक पदक विजेता के परिजनों से की मुलाकात

**सांसद** दीपेन्द्र हुड्डा ने बीते दिनों लद्दाख में मातृभूमि की रक्षा के कर्तव्य का निर्वहन करते समय शहीद हुए अंबाला के जांबाज जवान सरदार गुरप्रीत सिंह के पैतृक गांव शेरपुर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ी सरबजोत सिंह के गांव धीर, मुलाना स्थित आवास पर पहुंचकर उनके माता-पिता, दादी व परिवार के अन्य लोगों से मिले और जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाडियों के बेहतरीन व शानदार प्रदर्शन से न सिर्फ देश के तिरंगे की शान बढ़ी है बल्कि देशवासियों का सीना भी गर्व से चौड़ा हो गया है। इस दौरान संत निरंजन दास, संत मनदीप दास, एआईसीसी सचिव प्रदीप नरवाल, पूर्व विधायक चौ. लहरी सिंह, पूर्व विधायक जसबीर मलोर, चित्रा सरवारा, अमित मल, अमीषा चावला, चंदवीर हुड्डा, डॉ राजन, विजेंदर गिल्ला, हरप्रीत चीमा, राम शरण भोला, डॉ जीत सिंह भोला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## दिल्ली के कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में डूबने से हुई छात्रों की मौत हादसा नहीं हत्याः कुलभूषण शर्मा

### निसा की मांग, कोचिंग मालिक व संबंधित अधिकारियों को हो कड़ी सजा



कुलभूषण शर्मा

चंडीगढ़, जुलाई : निसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ने कहा कि कोचिंग कक्षाएं अवैध रूप से बिना किसी भी लाइसेंस, अनुमति, रजिस्ट्रेशन, मान्यता के देशभर में चल रही हैं। लेकिन इनको रेगुलेट करने के लिए कोई भी मेकैनिज्म नहीं बनाया गया है। कोचिंग सेंटरों में आए दिन आत्महत्याएं, दुर्घटनाओं सहित अन्य प्रकार की अवांछनीय गतिविधियां होने के समाचार उजागर हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश और हाईकोर्ट के ऑर्डर होने के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें इन कोचिंग सेंटरों पर नकेल नहीं कस पा रही हैं, जो चिंता का विषय है। निसा जो बजट प्राइवेट स्कूलों का एक राष्ट्रीय संगठन है, उसकी ओर से मांग की गई है कि केंद्र सरकार केवल गाइडलाइन मात्र जारी कर अपने कर्तव्य की इति श्री न मान ले बल्कि सरकार का यह दायित्व है कि इसके लिए कड़े से कड़े कानून बनाए, जिसकी राज्य सरकारें भी पालना करें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यवसाय, रोजगार, बिजनेस या उद्योग यहां तक प्ले स्कूल या प्राइमरी स्कूल खोलने के लिए अनेक तरह की औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता है तो इन कोचिंग सेंटरों को खुली छूट क्यों दी गई है। अनेक घटनाएं सामने आने के बाद भी कोचिंग को रेगुलेट करने के लिए कोई भी तैयार क्यों नहीं है। जिसके चलते मासूमों की जान जा रही है। जिसकी निसा कड़े शब्दों में निंदा करता है। मांग करता है कि कोचिंग मालिक व कोचिंग को बिना अनुमति संचालित होने के जिम्मेदार अधिकारियों को तुरंत बर्खास्त व गिरफ्तार किया जाए। दिल्ली सरकार का भी यह दायित्व है कि इस पर तुरंत प्रभाव से नियंत्रण के लिए कड़े कानून बनाएं।

## न कोई निवेश, न परिवेश, बेरोजगारी से त्रस्त प्रदेश: कुमारी सैलजा

### तिलिस्म बन चुकी सरकारी नियुक्ति से आजिज युवाओं को प्राइवेट जॉब भी खतरे में नजर आ रही है



सैलजा

चंडीगढ़, जुलाई : अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा के राज में न कोई निवेश, न कोई परिवेश, प्रदेश का युवा बेरोजगारी से त्रस्त है। ईपीएफओ की रिपोर्ट बेरोजगारी से त्रस्त युवा और बढ़ती बेरोजगारी की कलई खोल रही है। पहले नौकरी पाने वालों की संख्या पांच लाख घटी है। देश में एक साल में निजी क्षेत्र में सात लाख जॉब कम हुई है। युवाओं को गुमराह करने वाली इस सरकार को युवा शक्ति सबक सिखाकर रहेगी।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि रोजगार के नाम भाजपा की सरकार युवाओं को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई को लोकसभा में पेश इकोनामिक सर्वे में सरकार ने खुद कहा है कि अच्छी ग्रोथ और गैर सरकारी क्षेत्र में हर साल 78 लाख नौकरियां चाहिए पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का ताजा पेरोल डाटा बताता है कि वित्त वर्ष 2023-24 में पिछले साल के मुकाबले 07 लाख नौकरियां कम हो रही है जो पिछले पांच साल में सबसे बड़ी गिरावट है। कोरोना काल में एक लाख की गिरावट आई थी। महाराष्ट्र में 5.84 लाख नौकरियां कम हुई है, हरियाणा में 9.47 प्रतिशत नौकरियां कम हुई है। नौकरियों में गिरावट मैन्युफैक्चरिंग, आईटी और सर्विस सेक्टर में सबसे ज्यादा आई है। उन्होंने कहा कि इस साल देश में डेढ़ करोड़ ग्रेजूएट तैयार हो रहे है, इसमें 20 लाख नौकरियों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते है कि महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और हरियाणा ऐसे पांच राज्य है जहां पर तेजी से प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं।

उन्होंने कहा है कि पहली बार नौकरी पाने वाले करीब 05 लाख घट रहे हैं। पुरानी नौकरी भी कम हो रही है। स्वैच्छा से नौकरी छोड़ने वालो की संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश में हर साल 15 प्रतिशत ज्यादा नौकरी चाहिए, वर्ष 2023-24 में करीब 1.06 करोड लोग जॉब मार्केट में आए थे इस साल इनकी संख्या बढ़कर 1.20 करोड़ हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने की बात करती है दावा करती है पर आंकड़े उसकी पोल खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी देकर सरकार भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### कांग्रेस संदेश यात्रा 3 से

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा 3 अगस्त दिन शनिवार शाम 4 बजे कांग्रेस संदेश यात्रा के माध्यम से भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध आयोजित पदयात्रा का हिसार के डोगरान मोहल्ला बाजार, गुरु रविदास चौक (भाभड़ा चौक) से शुभारंभ करेंगी। पदयात्रा का शुभारंभ हिसार के गुरु रविदास चौक (भाभड़ा चौक) से इंद्रा मार्केट, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, राजगुरु मार्केट, नागोरी गेट मार्केट, मोती बाजार, गांधी चौक, भगत सिंह चौक, पड़ाव चौक, जहाजपुल चौक, मुल्तानी चौक से होकर वापस गुरु रविदास चौक (भाभड़ा चौक) पर समापन होगा।

### प्रदेश में एनएचएम कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन छठे दिन में प्रवेश करने के बाद बिगड़े हालात

## हरियाणा में एनएचएम कर्मियों ने सेवा नियम फ्रीज करने के आदेशों की प्रतियां जलाकर जताया रोष



एनएचएम मुख्यालय पर कर्मचारी सेवा नियम फ्रीज करने के आदेशों की प्रतियां जलाकर रोष प्रकट करते हुए।

चंडीगढ़, जुलाई : हरियाणा में एनएचएम कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन छठे दिन में प्रवेश कर गया है। जिसके चलते प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। बुधवार को एनएचएम कर्मियों ने सरकार द्वारा सेवा नियम फ्रीज करने के तुगलकी फरमानों की प्रतियां जलाकर रोष जताया। प्रदेश मीडिया प्रभारी वसीम अली व सांझा मोर्चा कमेटी की सदस्य कुलविंदर कौर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2017 में हरियाणा के सभी एनएचएम कर्मचारियों को तत्कालीन मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने सर्विस बाय लॉज का लाभ दिया था। परंतु अब सरकार एनएचएम कर्मचारियों के अधिकारों को खत्म करने जा रही है। क्योंकि सरकार में बैठे अधिकारियों की मंशा कर्मचारियों के प्रति सही नहीं है। उन्होंने बताया कि पूरे हरियाणा के एनएचएम कर्मचारी 100 प्रतिशत आंदोलन में होने के कारण सरकार द्वारा चलाई जा रही रेफरल ट्रांसपोर्ट पूर्ण रूप से बंद है। इसकी एवज में आउटसोसिंग ड्राइवरों से 72 घंटे एंबुलेंस चलवाई जा रही है। जिसमें मरीज के साथ कोई भी दुर्घटना हो सकती है। साथ ही इम्युनिजेशन भी पूर्ण रूप से बंद है। हालांकि अंबाला में बुधवार को एनएचएम कर्मचारियों की स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से मुलाकात हुई। जिन्होंने कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए कहा कि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का हल निकालने के लिए अपनी फोर्स लगाई हुई है। जल्द ही कोई सकारात्मक हल निकाला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डीआईजी ने बैठक कर अपराध समीक्षा की

उरई। पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी द्वारा पुलिस लाइन्स उरई में पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत की गयी तैयारियों एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गयी व आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये ।

### पुलिस उपमहानिरीक्षक ने एट थाने का किया औचक निरीक्षण

उरई। पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी द्वारा पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार के साथ थाना एट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान थाना परिसर, थाना कार्यालय ,ष्टष्टञ्जहृ कार्यालय, ढ्ढत्नक्र ,महिला हेल्प डेस्क आदि को चेक किया गया तथा थाना के अभिलेखों की प्रविष्टियों को जांच कर सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये ।

### वारंटी गिरफ्तार

उरई। थाना रामपुरा पुलिस द्वारा वारण्टी युवक को मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार युवक का नाम अभियुक्त राहुल पुत्र बाबूराम दौहरे निवासी ग्राम निनावली मोड रामपुरा हाल पता ग्राम ऊमरी थाना रेंढर जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी ।

### पदार्थो की गुणवत्ता एवं रख-रखाव से सम्बन्धित फॉस्टेक प्रशिक्षण कराया

उरई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा श्री हरि होटल जालौन रोड उरई में खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 से तहत खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता एवं रख–रखाव से सम्बन्धित फॉस्टेक प्रशिक्षण कराया गया। जनपद के 30 खाद्य कारोबारकर्ताओं को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थो के व्यवसाय के संचालन हेतु प्रशिक्षण दिलाया गया। जनपद के समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं व्यापारियों से अपील है कि खाद्य लाईसेंस / पंजीकरण प्राप्त कर ही अपने खाद्य व्यवसाय का संचालन करे व अपने परिसर में साफ–सफाई का ध्यान रखें। प्रशिक्षण में सहायक आयुक्त (खाद्य)–ढ्ढ जतिन कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव व खाद्य कारोबारकर्ता आदि मौजूद रहें।

### सीएचसी से बाइक ले गए चोर

कोंच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दिनदहाड़े अज्ञात चोर बाइक ले गए।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किशुनपुरा निवासी वहीद खां पुत्र मुश्ताक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बुधवार की दोपहर वह अपनी गर्भवती बहू को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच आया हुआ था।

# मूल-भूत समस्याओं से जूझ रहे हैं कस्बा कोटरा के वाशिंदे

■ उरई

कस्बा कोटरा में समस्याओ का अम्बार लगा हुआ हैं, बिजली पानी साफ सफाई की व्यवस्था न होना यहाँ आम बात हैं, यहाँ के वाशिंदे नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं, नगर पंचायत प्रशासन अपनी जिम्मेदारी नहीं समझता, कोई अगर शिकायत भी करता हैं, तो उस पर सुनवाई नहीं की जाती हैं, यहाँ गर्मियों के शुरुआत से बिजली की अघोषित कटौती शुरू हो जाती है और इस कारण से कोटरा में आम जनमानस पानी के लिए तरसने लगता है।बीती मंगलवार की रात बिजली न आने के कारण गर्मी से



बेहाल कस्बा वासी पीड़ति नजर आ रहे हैं एवं अगली सुबह पूरे कस्बे में पानी की किल्लत शुरू हो गई है।

कोटरा अपने आप में एक प्राचीन नगरी रहा है परंतु आज कोटरा में सुविधाओं के नाम पर केवल एक बंजर एवं खोखला कस्बा बचा है।कस्बे में सड़क के नाम पर गढ्ढे हैं और अस्पताल के नाम पर अधूरे वादे एवं ना बिजली समयानुसार आती है और ना ही पानी की पूर्ति कस्बे में होती है। कई महिलाएं पानी की पूर्ति करने के लिए किलोमीटर दूर स्थित वेतवा नदी किनारे से पानी भरके पानी की पूर्ति करती हैं।कस्बे के लिए अत्यंत दुःखद है कि विकास की जो मजबूत डोर होती हैं वह पूरी तरह से नष्ट हैं. कस्बे में जिस तरह समस्याओ का अम्बार लगा हैं, उसे देखते हुयकहा जा सकता हैं कि यहाँ कि स्थिति जिले के किसी अति पिछड़े गांव से कम नहीं हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को

■ उरई

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज राजीव सरन ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14.09.2024 शनिवार को प्रातः 10ः00 बजे से जनपद की समस्त दीवानी न्यायालयों में किया जायेगा। जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के दिशा-निर्देशन में इस राष्ट्रीय लोकअदालत में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमा, श्रम वाद, विद्युत एवं जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद और धारा 138 एन0आई0एक्ट के अन्तर्गत चैक बाउन्स के मामले नियत किये जायेंगे। इनका निस्तारण परस्पर सुलह-समझौते अथवा जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर किया जायेगा। प्री-लिटिगेशन स्कीम के अन्तर्गत मोबाइल/टेलीफोन के बकाया बिल और विभिन्न बैंकों के ऐसे बकायेदारों के मामले भी नियत किये जायेंगे, जिन्होंने कई वर्षो के बाद भी बकाया बिल या बैंक ऋण जमा नहीं किया है। ऐसे बकायेदारों को इस अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए और इस राष्ट्रीय लोकअदालत में उपस्थित होना चाहिए, जिसका आयोजन सभी के हितों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। यातायात सम्बन्धी चालानों को वेबसाइट Vcourts.gov.in के द्वारा ई-पेमेन्ट के माध्यम से भुगतान कर घर बैठे ही निस्तारण करा सकते हैं। समस्त वादकारियों से अपील की जाती है कि लम्बित दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमों में सुलह-समझौता करने के इच्छुक व्यक्ति/संबंधित पक्ष समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठायें। इसमें किसी प्रकार की समस्या होने पर वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

## कानपुर से सूरत जा रहीं बस में बाईक सवार युवकों ने की तोड़फोड़



■ उरई

कानपुर से सूरत जा रहीं एस के टी ट्रेवल्स की बस को बाईक सवार बदमाशों ने उरई कोतवाली के एन एच 27 पर स्थित पंडित ढाबा के पास रोक कर बस में जम कर तोड़फोड़ की तथा बस चालक को बेरहमी से पीटा,जिस से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस में दो युवकों को हिरासत में ले लिया तथा बस को अपने कब्जे में लेकर कालपी बस स्टैंड पर खड़ा कर दिया। इस घटना के बाद यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी में बताया गया कि बस चालक गुना में एक दुर्घटना करके आया था कुछ समय पूर्व दुर्घटना में घायल युवक द्वारा मुआवजा बस के मालिक से मांगा जा रहा था लेकिन जब बस मालिक द्वारा उसे इलाज के लिए पैसा नहीं दिया गया तब उसके साथियों द्वारा उरई में आकर इस घटना को अंजाम दिया गया फिलहाल पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है.वही इस घटना के बाद बस की सवारियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

## वाहन चलाने वाले नाबालिग बच्चों के विरुद्ध चलाया अभियान

■ उरई

पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार के निर्देशन में यातायात पुलिस एवं कोतवाली उरई पुलिस द्वारा वाहन चलाने वाले नाबालिक बच्चों के विरुद्ध भगत सिंह चौराहा कस्बा उरई में अभियान चलाकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए उनके अभिभावकों को कोतवाली उरई बुलाकर हिदायत देकर वाहनों को छोड़ा गया तथा कोचिंग संस्थानों में जाकर उनको भी हिदायत दी गई कि नाबालिक बच्चों को संस्थान में वाहन न लाने हेतु



जागरूक करें एवं वाहनों हेतु उचित पार्किंग की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। उन वाहनो को चैक द्मद्व4 गया जिन्हें नाबालिक बच्चे चला रहे थे। उनके अभिभावकों को कोतवाली उरई बुलाकर यातायात सम्बन्धी नियम बताकर जागरूक करते हुए वाहन उनके सुपुर्द किया गया एवं नाबालिक बच्चों को वाहन न चलाने देने की हिदायत दी गयी।जिन वाहनो को चैक किया गया उन के नंबर क्क 92॒क्क 8943,,क्क 92 ॓ 6806,, क्क92॒रू8474,क्क 92॒ 2303 क्क 92॒ष्ट 2995 बताये गये हैं।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का डीआईजी ने किया शुभारम्भ

उरई। पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी की उपस्थित में आज दिनांक 31 को 27 वीं पुलिस अन्तर्जनपदीय कानपुर जोन, कानपुर की पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता (महिला/पुरूष) 2024 का शुभारंभ इन्दिरा स्टेडियम उरई में किया गया । पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी महोदय द्वारा समस्त खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया एवं खेल भावना से फुटबाल प्रतियोगिता खेलने हेतु प्रोत्साहित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन फुटबाल में किक मारकर किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश जालौन एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार अपर पुलिस अधीक्षक जालौन, समस्त क्षेत्राधिकारीगण जनपद जालौन तथा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स उरई सहित अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# कांग्रेसियों ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का पुतला फूंकने का प्रयास किया

## सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पुतला अपने कब्जे में लिया

■ कोंच

लोकसभा कार्यवाही के दौरान भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जाति पूछे जाने का मामला राजनैतिक स्तर पर गर्माता हुआ नजर आ रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ता अब विरोध प्रदर्शन करने पर उतर गए हैं।

पार्टी आलाकमान के निर्देश पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा अनुराग ठाकुर का पुतला दहन करने की तैयारी की गयी थी। नगर अध्यक्ष और पूर्व सभासद राघवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता पुतला लेकर कैलिया बस स्टैंड पर पहुंचे और पुतला फूंकने ही वाले थे तभी



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हांथों में से पुतला छीन लिया। इस दौरान दोनों ओर से जोर आजमाइश देखने को मिली। वहीं इसके बाद सभी कार्यकर्ता सरोजनी नायडू पार्क पहुंचे जहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वहीं पर बैठकर मामले को लेकर विरोध जताया। नगर अध्यक्ष राघवेन्द्र तिवारी ने कहा कि अनुराग ठाकुर को देश की संसद में राहुल गांधी की जाति पूंछने का अधिकार आखिर किसने दिया है। भाजपा देश में जाति और धर्म के नाम पर बंटवारा कराकर हमेशा राजनैतिक लाभ उठाने का प्रयास करती है। भाजपा नेताओं के इस प्रकार की सोच का हमेशा विरोध किया जायेगा। इस मौके पर रामस्वरुप पुरोहित ललिया, श्रीनारायण दीक्षित, अनिल पटैरिया,वेदप्रकाश दुवे, समशुद्दीन मंसूरी, आवेश जाटव, विशाल अहमद कैफी, आजाद सिद्दिकी, रामनरेश त्रिपाठी, अजय बरार, दयाशंकर प्रजापति, लकी दुवे, मंगल सिंह निरंजन, अनीस राईन, सुल्तान राईन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया पड़री स्थित परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण

■ कोंच

तहसील क्षेत्र के ग्राम पड़री स्थित पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय और पूर्व माध्यमिक विद्यालय का एसडीएम ने एबीएसए के साथ औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने शिक्षण व्यवस्था से लेकर स्कूलों की अन्य व्यवस्थायें परखी।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ज्योति सिंह को विद्यालय में पदस्थ शिक्षक उदयभानु निरंजन, संध्या निरंजन, सृष्टि गुप्ता, आराधना निरंजन और शिक्षामित्र साधना निरंजन उपस्थित मिली। एसडीएम ने कक्षों, बाथरुम सहित परिसर में साफ़ सफ़ाई, पंखे, रोशनी और पेयजल की व्यवस्था परखने के साथ ही बच्चों के बैठने हेतु फर्नीचर और मिड डे




मील व्यवस्था देखी। पुराना होने के चलते फर्श चटक जाने पर टाइल्स लगाए जाने को लेकर एसडीएम ने एबीएसए रंगनाथ चौधरी से चर्चा की। उपस्थित बच्चों से शिक्षण व्यवस्था को लेकर सवाल जबाब करते हुए एसडीएम ने बच्चों की उपस्थिति चैक की और शासन द्वारा प्रदत ड्रेस व अन्य सामग्री वितरण की जानकारी ली।

एसडीएम ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों की बेहतर शिक्षा पर विशेष ध्यान दें, और विद्यालय की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में कोई कोर कसर बाकी न रहने दें। उन्होंने शिक्षकों को अपने कार्य के प्रति ईमानदारी और निष्ठा से योगदान देने की सलाह देते हुए विद्यालय प्रबंधन को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

कोंच। दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार कैलिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम नरी स्थित पेट्रोल पंप के पास से आरोपी दीपक कुशवाहा पुत्र मोहन निवासी पहाड़गाँव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दीपक के खिलाफ बीती 28 जुलाई को गाँव की ही एक महिला के साथ उसके घर में घुसकर बलपूर्वक दुष्कर्म किए जाने का मुकदमा धारा 64, 74, 115(2), 125 के तहत थाने में दर्ज कराया गया था। घटना के बाद से दीपक फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# विद्युत समस्या से परेशान किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा




■ कोंच

बिजली समस्या से परेशान होकर नदीगाँव क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों से जुड़े लोगों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।नदीगाँव क्षेत्र के ग्राम सोनी बुजुर्ग, बैराई, सदूपुरा, कनासी, त्रिलोकपुरा, कैलिया छोटी, भड़ारी, अखनीबा, जरा, चकधारी, कन्हरी आदि गांवों के दर्जनों बाशिंदों ने एसडीएम ज्योति सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 24 घंटे में से टुकड़ों में बमुश्किल 4 घंटे ही बिजली मिल रही है। बिजली न मिलने से खेतों में बोई गयी धान आदि की फ़सलें सिंचाई के अभाव में सूख रहीं हैं। उक्त लोगों ने एसडीएम से कहा कि यदि अगले 3 दिन में बिजली आपूर्ति व्यवस्था सही नहीं की जाती है तो मजबूरन जाम लगाकर विरोध दर्ज किया जाएगा। बिजली समस्या को लेकर एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान कराये जाने का आश्वासन दिया है। प्रार्थना पत्र देने वालों में रामकुमार, अखिलेश, राघवेन्द्र, गोपालदास, जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## बहू ने बुजुर्ग विधवा को जमीन न देने पर घर से निकाला

■ कोंच

एक बुजुर्ग विधवा महिला ने जमीन नाम करने से मना किया तो बहू ने गाली-गलौज कर उसे घर से निकाल दिया।पीड़ित महिला ने सीओ को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की मांग की है।

सर्किल के थाना एट अंतर्गत ग्राम बिलायां की रहने वाली बुजुर्ग विधवा दयालकुंवर पत्नी रामसिंह ने सीओ उमेश कुमार पांडे को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके नाम बिलायां में 3 बीघा कृषि भूमि है। उसके दो बेटे सुरेश व रमेश हैं। वह अपने छोटे बेटे रमेश के साथ रहती है।

रमेश की पत्नी राममूर्ति कुशवाहा व उसके बेटे अखिलेश एवं सुखलेश भी साथ ही रहते हैं।

राममूर्ति व उसके दोनों बेटे जबरन उसकी जमीन का बैनामा अपने हक में कराना चाह रहे हैं। उसने जब बैनामा करने से मना कर दिया तो 27 जुलाई को उन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी और घर से निकाल दिया तथा धमकी भी दी कि अगर थाने शिकायत करने गई तो जान से मार देंगे। उसके बाद से वह अपनी बेटी के यहां घमूरी गांव में रहने को मजबूर है। बुजुर्ग दयालकुंवर ने सीओ से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# शोभा यात्रा ने किया भ्रमण, डीजे की धुन पर थिरके शिवभक्त





बांदा। बिसंडा क्षेत्र में सावन मास के पर्व पर दुर्गा माता मंदिर में शिव मूर्ति को रथ में सजाकर नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु डीजे की धुन पर भक्ति गीतों में थिरकते हुए नजर आए। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करते हुए शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। मालुम हो कि सावन माह के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहता है। बिसंडा क्षेत्र में भी भव्य आयोजन किया गया। शिवजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य अवधेश कुमार जी जय हिंद शास्त्री द्वारा कराई गई प्रमुख यजमान और जगदीश प्रसाद गुप्ता रमेश चंद्र गुप्ता किरन गुप्ता हिमांशु गुप्ता आदि सपरिवार शिव मंदिर परिसर पर पूजा अर्चना की मंदिर में वृहद भंडारे का आयोजन भी किया गया। भंडारे में स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा दोपहर को पूजा के बाद से कन्या भोज के साथ शुरू हुआ।

## सार संक्षेप

### अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने 'द ब्लफ की' बीटीएस फोटो शेयर की



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आने वाली फिल्म 'द ब्लफ' सेट से एक बीटीएस (बिहाइंड द सीन) फोटो शेयर की है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में फिल्म द ब्लफ के सेट से एक बीटीएस फोटो शेयर की, जिसमें एक पुरानी बंदूक दिखाई दे रही है। फोटो के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा कि वाइल्ड हमारे पीरियड के हिसाब से इस्तेमाल किए जाने वाले प्रॉप्स बहुत कूल हैं! फिल्म 'द ब्लफ' में प्रियंका एक समुद्री डाकू की भूमिका निभाती दिखाई देंगी। इस फिल्म का निर्देशन फ्रैंक ई. फ्लावर्स कर रहे हैं। फिल्म में कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन और वेदांतन नायडू भी हैं।

### नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने ली शपथ

**जयपुर:** राजस्थान के नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने बुधवार को यहां राज्यपाल पद की शपथ ली। बागड़े को राजभवन में सायं चार बजे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने शपथ दिलाई। उन्होंने हिन्दी में शपथ ली। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा जारी राज्यपाल की नियुक्ति का वारंट पढ़कर सुनाया। शपथ लेने के बाद श्री बागड़े को राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा, केन्द्रीय मंत्री, राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्य, विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली तथा अन्य जन प्रतिनिधि, न्यायाधीश, प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### वज्रपात से दो भाई की मौत, पांच झुलसे

**सासाराम:** बिहार में रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह वज्रपात से दो भाई की मौत हो गयी तथा पांच अन्य झुलस गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि देवखैरा गांव में कुछ लोग खेत में काम कर रहे थे। इस दौरान तेज बारिश के साथ वज्रपात हुआ। इस घटना में दो भाई शंकर राम और विवेक राम की मौत हो गयी तथा पांच अन्य झुलस गये। सूत्रों ने बताया कि झुलसे सभी लोगों को सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगी रिंग संचार व्यवस्था : सिंधिया

**नई दिल्ली:** सरकार ने कहा है कि गांव में संचार व्यवस्था को निरंतर बनाए रखने और मामूली गड़बड़ी के कारण पूरी लाइन के ठप होने की समस्या से निपटने के लिए रिंग संचार व्यवस्था शुरू की जा रही है ताकि पूरे गांव का संचार संपर्क ठप न हो सके। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि गांव में हर समय इंजीनियर उपलब्ध नहीं होते हैं और यदि किसी एक लाइन पर कोई गड़बड़ी आती है तो पूरे गांव में संचार व्यवस्था ठप हो जाती है। ऐसे में लाइन ठीक होने तक लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सिंधिया ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए गांव में रिंग संचार व्यवस्था को लागू किया जा रहा है।

### करौली के पांचना बांध का तेजी से बढ रहा जलस्तर

**भरतपुर:** राजस्थान के करौली में झमाझम बारिश के बाद भरतपुर संभाग के सबसे बड़े पांचना बांध में तेजी से बढ़ते जलस्तर को देखते जल संसाधन विभाग 'अलर्ट मोड' के साथ बांध के जलस्तर पर नजर बनाए हुए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह तक बांध का जलस्तर 258.62 मीटर के मुकाबले 257.55 मीटर पहुंच गया। मंगलवार देर शाम करौली में एक घण्टे में 80 एमएम वारिश के बाद करौली के बीच से गुजरने वाले एनएच-23 सहित शहर के कई निचले क्षेत्रों में पानी भर गया। सड़क पर पानी भरने के कारण वाहन ड्राइवरों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### साहित्कार सुधांशु गुप्त सम्मानित




**नई दिल्ली:** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, के कमला देवी ब्लॉक में पहला शिव कुमार शिव स्मृति पुरस्कार उपन्यास-कैद बाहर के लिए गीता श्री को और कहानी संग्रह-तेरहवाँ महीना के लिए सुधांशु गुप्त को दिया गया। वरिष्ठ साहित्यकार अशोक वाजपेयी, ममता कालिया और महेश दर्पण ने गीताश्री और सुधांशु को सम्मानित किया। वरिष्ठ साहित्यकार चित्रा मुद्गल और ललिता अस्थाना कार्यक्रम में शामिल रहे।
वरिष्ठ रचनाकारों और पत्रकारों की भारी संख्या के बीच शिव कुमार शिव को याद किया गया। अपनी कहानियों, उपन्यासों और दरियादिली के लिए शिव कुमार शिव चर्चित रहे हैं। किस्सा पत्रिका की संपादक अनामिका शिव, मीनाक्षी और आनंद सिंघानिया की पहल पर ही यह सम्मान शुरू किया गया है। वरिष्ठ रचनाकारों ने पुरस्कृत लेखकों की रचनाधर्मिता पर बात की। महेश दर्पण ने कैद बाहर को परम्परा से अलग हटकर -एक रचना माना। तेरहवाँ महीना पर महेश दर्पण ने कहा कि सुधांशु कभी कथा से विचार तो कभी विचार से कथा बुनते हुए प्रतीत होता है।

# संस्कृत को प्राथमिक व माध्यमिक कक्षाओं में अनिवार्य बनाने की मांग

● नई दिल्ली,



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के दिनेश शर्मा ने बुधवार को राज्यसभा में संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार पर जोर देने की अपील करते हुए कहा कि इसको प्राथमिक और माध्यमिक कक्षों के लिए अनिवार्य बनाया जाना चाहिए।

शर्मा ने सदन में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि संस्कृत अधिकांश भाषाओं की जननी है और यह आदिकाल की भाषा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भाषाओं में स्कूलों में पढ़ाये जाने के कारण संस्कृत की उपेक्षा हो रही है और अब इसकी पढ़ाई नहीं हो रही है। इसके मद्देनजर सरकार को इसके प्रचार प्रसार पर जोर देना चाहिए और इसको प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षों के लिए अनिवार्य बनाना चाहिए। उच्च शिक्षा में भी इसको बढ़ावा देने की जरूरत है तथा इस पर शोध आदि करने वाले छात्रों को अधिक छात्रवृत्ति दी जानी चाहिए। भाजपा के महेन्द्र भट्ट ने बाढ़ , भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के लिए राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से दी जाने की सहायता राशि को बढ़ाये जाने की मांग करते हुए कहा कि पहाड़ी विशेषकर उत्तराखंड में अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लोगों के पक्के घर नहीं होते हैं, जिसके कारण उन्हें आपदा राहत कोष से सहायता नहीं मिलती है। भूस्खलन में खेतों के नष्ट होने पर भी कोई मुआवजा नहीं मिलता है और संबंधित भूमि खेती लायक भी नहीं बचती है।



`बुधवार को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मंत्रालयम के श्री राघवेंद्र स्वामी मठ के पुजारी, श्री श्री श्री सुबुदेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने उनके आवास पर मुलाकात की।

# वायनाड में कुदरत की विनाशलीला

## अब तक 243 की हो चुकी है मौत, 130 अस्पताल में भर्ती, 240 हैं लापता

● नई दिल्ली, एजेंसी

**केरल** के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 243 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं।

लैंडस्लाइड सोमवार देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गईं। आर्मी, एयरफोर्स, एनडीआरएफ एसडीआरएफ, पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। देर रात तक 1 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया, 3 हजार लोगों को राहत शिविर में भेजा गया है। मौसम विभाग ने वायनाड के अलावा मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे रेस्क्यू ऑपरेशन में आज परेशानी हो सकती है। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद में बताया- 23-24 जुलाई को ही केरल सरकार को अलर्ट किया गया था, सरकार समय रहते लोगों को हटाती तो इतना नुकसान नहीं होता।

सेना ने मुंडक्कई गांव के बाहर स्थित इला रिसॉर्ट और वाना रानी रिसॉर्ट में फंसे 19 टूरिस्ट को बुधवार को निकाला। ये घटना के बाद से यहीं फंसे हुए थे। डिफेंस ढफ्ड के मुताबिक, 122 इन्फैंट्री



बटालियन (ळअ) मद्रास के जवानों ने रस्सियों के सहारे सभी नागरिकों को चूरलमाला तक सुरक्षित निकालने के लिए एक मानव पुल बनाया।

हादसे के बाद राज्य में दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गई है। 12 जिलों में 30 जुलाई को स्कूल-कॉलेज में छुट्टी घोषित कर दी गई। केरल यूनिवर्सिटी ने 30 और 31 जुलाई को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। नई तारीखों का ऐलान बाद में किया जाएगा। वहीं लैंडस्लाइड की घटना का जायजा लेने वायनाड जा रहीं केरल की हेल्थ मिनिस्टर वीना जॉर्ज बुधवार (31 जुलाई) को सुबह करीब साढ़े 7 बजे एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गईं। उन्हें मलप्पुरम स्थित मंजेरी के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना एक स्कूटर सवार को बचाने के चलते हुई। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने खराब मौसम और सुरक्षा कारणों से वायनाड दौरा रद्द कर दिया है। राहुल ने आज कांग्रेस सांसदों के साथ संसद के सेंट्रल हॉल में वायनाड में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखा।

# केन्द्र सरकार, केरल के साथ चट्टान की तरह खड़ी है: शाह

● नई दिल्ली,

**केन्द्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने संसद को आज आश्वासन दिया कि मूसलाधार बरसात एवं भूस्खलन के केरल के वायनाड में हुई त्रासदी में केन्द्र सरकार केरल की सरकार एवं लोगों के साथ चट्टान की तरह डट कर खड़ी है तथा राहत, पुनर्वास के कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत केरल की बाढ़ की स्थिति पर संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि उनके विभाग के सहयोगी राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार एवं बुधवार को केरल की स्थिति पर बयान सदन के पटल पर रखे हैं तथा वह भी कुछ नये मुद्दों पर जानकारी देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले वह इस आपदा में उन लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं जिन्होंने स्वजनों को खोया है या लापता हैं। उन्होंने कहा कि मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि आपदा के समय भारत सरकार एवं राजनीतिक दलों के लिए एक भी प्राथमिकता है कि हम केरल की सरकार, केरल के लोगों एवं वायनाड के लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।



उन्हें राहत एवं पुनर्वास के लिए भारत सरकार की ओर से हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। चर्चा में सदस्यों द्वारा आधुनिक चेतावनी प्रणाली के बारे में सवाल उठाये जाने पर स्पष्टीकरण देते हुए शाह ने कहा कि देश में हमारे पास विश्व का सबसे आधुनिक पूर्व चेतावनी प्रणाली है जो सात दिन पहले भी सटीक पूर्वानुमान देती है। चक्रवात, भूकंप, बिजली गिरने, सुनामी, बाढ़, भूस्खलन आदि के पूर्वानुमान सटीकता से मिल रहे हैं। ये उपकरण 2300 करोड़ रुपये की लागत से लगाये गये हैं।

उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए लोगों का बचाना, राहत एवं पुनर्वास की तैयारी के साथ शून्य जनहानि की योजना कार्यान्वित की गयी है।

### पति-पत्नी ने जहर खाकर दी जान

**रायगढ़ :** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया में एक युवक ने पत्नी से विवाद के बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पति की मौत के बाद 24 घंटे के अंदर पत्नी की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रसिया के मदनपुर के रहने वाले गजानंद श्रीवास (35) की ये दूसरी पत्नी थी, दोनों शराब के आदी थे। मौत से पहले युवक ने नशे में अपनी दूसरी पत्नी के साथ मारपीट की थी। उसके बाद उसने जहर सेवन कर लिया, जिसकी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। पुलिस पूछताछ में गजानंद की भाभी रुद्र कुमारी ने बताया कि गजानंद की पहली पत्नी दो-तीन साल पहले अपने तीन बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। उसके बाद गजानंद शोभा निषाद को भगाकर ले आया था, पत्नी बनाकर रखा था। दोनों शराब पीने के आदी थे।

### धमतरी सड़क हादसे में 30 लोग घायल

**धमतरी :** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के कुरूद में बुधवार को एक पिकअप वाहन में एक कार ने पीकअप को टक्कर मार दी जिसके चलते पिकअप पलट गई जिसमें 30 लोग घायल हो गये। घायलों में तीन की हालत गंभीर बतायी जाती है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं कार में सवार दो लोगों को मामूली चोट आई हैं। सूचना मिलते ही कुरूद पुलिस मौके पर पहुचीं और सभी घायलों को कुरुद के सिविल अस्पताल पहुँचाया गया है। मिली जानकारी अनुसार पिकअप वाहन में सवार होकर महिला व पुरूष समेत लगभग 30 लोग सवार होकर ग्राम बारना से कन्हारपुरी खेतों में रोपा लगाने के लिए जा रहे थे। तभी कुरुद के सांधा चौक के पास कार ने पिकअप वाहन को पीछे से ठोकर मार दी,जिसमें सवार 28 महिला और पुरूष घायल हो गया,जिसमें से तीन लोगो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### गुजरात में 2.37 लाख बेटियों का पंजीकरण

**गांधीनगर:** गुजरात में पिछले पांच वर्षों में 'वहाली दीकरी योजना' के अंतर्गत 2.37 लाख से अधिक बेटियों का पंजीकरण किया गया है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि महिला एवं बाल कल्याण मंत्री भानुबेन बाबरिया के अनुसार गुजरात में गरीब परिवारों में जन्मी बेटियों के लिए राज्य सरकार 'वहाली दीकरी योजना' के जरिये एक पैरेलल पैरेंट (समानांतर अभिभावक) की भूमिका निभा रही है। राज्य सरकार ने यह एक ऐसी अनूठी योजना लागू कर रखी है जिसके माध्यम से एक गरीब को अपनी बेटी की शिक्षा से लेकर शादी तक के मौकों पर होने वाले खर्च से निपटने में सरकार की सहायता मिल रही है। पिछले 5 वर्षों में इस योजना के अंतर्गत 2.37 लाख से अधिक बेटियों का पंजीकरण किया गया है। भानुबेन बाबरिया ने व्हाली दीकरी योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि आज जब प्रधानमंत्री मोदी 'वीमेन-लेड डेवलपमेंट' यानी महिलाओं के नेतृत्व में विकास पर जोर दे रहे हैं।



बुधवार को हरिद्वार में महा शिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए अपने कंटेनरों में पवित्र गंगा जल भरकर अपने गृहनगर ले जाने से पहले पवित्र स्नान के लिए हर की पौड़ी पर एकत्र हुए शिव भक्त ।

# हमास चीफ हानिया तेहरान में मारा गया

**इजरायल ने 7 अक्टूबर के हमले के बाद हानिया और हमास के दूसरे नेताओं को मारने की खाई थी कसम**

● तेहरान, एजेंसी

**ईरान** की राजधानी तेहरान में हमास सरगना इस्माइल हानिया मारा गया है। सऊदी मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि मिसाइल हमला किया गया है। वहीं ईरानी आईआरजीसी के एक बयान के अनुसार, हानिया और उसके एक गार्ड की कथित तौर पर तेहरान स्थित उनके आवास पर हत्या कर दी गई। बयान में कहा गया है, 'फिलिस्तीन राष्ट्र और इस्लामी राष्ट्र तथा प्रतिरोध मोर्चे के लड़ाकों और ईरान के



महान राष्ट्र के प्रति संवेदना के साथ, आज सुबह (बुधवार) तेहरान में इस्लामी प्रतिरोध हमास के राजनीतिक कार्यालय के प्रमुख इस्माइल हानिया के आवास पर हमला किया गया और इस घटना के बाद, वह और उनके एक अंगरक्षक शहीद हो गए।' ईरान के बयान में हानिया की हत्या कैसे हुई, इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया।

हिजबुल्लाह से संबद्ध एक समाचार साइट ने दावा किया कि इजरायल ने उन्हें मार डाला। इजरायली अधिकारियों ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इजरायल ने 7 अक्टूबर के हमले के बाद हानिया और हमास के दूसरे नेताओं को मारने की कसम खाई थी। इस हमले में 1200 इजरायली नागरिक मारे गए थे और 250 को बंधक बना लिया गया था। इस्माइल हानिया हमास आतंकी संगठन का राजनीतिक नेता है। वह नए ईरानी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह के लिए ईरान का दौरा कर रहा था। अप्रैल में हवाई हमले में हनीयेह के तीन बेटे मारे गए थे। इसके बावजूद हनीयेह ने बंधकों को रिहा करने और सत्ता से हटने से इनकार कर दिया।

# लाइफ और मेडिकल इंश्योरेंस पर खत्म हो जीएसटी

## परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखा पत्र

● मुंबई, एजेंसी

**सड़क** परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) वापस लेने की मांग की है। नितिन गडकरी ने कहा कि जीएसटी जीवन की अनिश्चितताओं पर कर लगाने के बराबर है. और इस क्षेत्र के विकास को रोकता है. जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम दोनों पर 18 फीसदी जीएसटी लगता है।

**गडकरी ने लिखा कि आपसे अनुरोध है कि जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने के सुझाव पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करें क्योंकि यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए बोझिल हो जाता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी इस व्यवसाय खंड के विकास में बाधक साबित हो रहा है।**

नितिन गडकरी ने लिखा कि आपसे अनुरोध है कि जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने के सुझाव पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करें क्योंकि यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए बोझिल हो जाता है। नितिन गडकरी ने कहा कि उनसे मुलाकात करने वाले यूनियन ने जीवन बीमा के माध्यम से बचत के लिए अलग-अलग व्यवहार, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लिए आईटी कटौती की पुनः शुरूआत और सार्वजनिक और क्षेत्रीय सामान्य बीमा कंपनियों के एकीकरण से संबंधित मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी इस व्यवसाय खंड के विकास में बाधक साबित हो रहा है, जो सामाजिक रूप से आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर कर लगाने के समान है. संघ का मानना है कि जो व्यक्ति परिवार को कुछ सुरक्षा देने के लिए जीवन की अनिश्चितताओं के जोखिम को कवर करता है। उससे इस जोखिम के खिलाफ कवर खरीदने के लिए प्रीमियम पर कर नहीं लगाया जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि यह जीवन बीमा के माध्यम से बचत के विभेदकारी उपचार, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लिए आयकर कटौती की पुनः शुरूआत और सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के एकीकरण की ओर भी इशारा करता है।



### दरभंगा में जलस्तर में हो रही कमी को दूर करने की जरूरत

**दरभंगा:** बिहार के दरभंगा जिले के ज़िलाधिकारी राजीव रौशन ने कहा कि इस वर्ष में कम बारिश होने से शहरी क्षेत्र सहित पूरे जिले में जलस्तर में हो रही कमी की समस्या को दूर करने की जरूरत है। रौशन ने बुधवार को समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में वर्षा नहीं होने के कारण पेयजल की हो रही समस्या के निदान को लेकर उनकी अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि इस वर्ष में कम बारिश होने के कारण शहरी क्षेत्र सहित पूरे जिले में जलस्तर में हो रही कमी की समस्या को दूर करने की जरूरत है। उन्होंने पेयजल की समस्या से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिए गए है।

# प्राकृतिक-तकनीकी हादसे और सबक

प्रकृतिजनित हादसों और विपदाओं का मसला हो या फिर मानवीय लापरवाही और तकनीकी खामियों के कारण बड़ी दुर्घटनाएं। इन सबका सार निकलकर यही आता है कि क्या हमने हादसों से सबक लेकर उनसे भविष्य में बचने के साथ ही सतर्कतापूर्ण तरीके से उन हादसों/दुर्घटनाओं को कम या सीमित करने की पहल की है? केरल के वायनाड में जिस तरह से दो–तीन बड़े भूस्खलन में सैकड़ों लोगों ने जान गंवाई है और भयावह धनहानि हुई है। उसके बाद बड़ा सवाल यही है कि क्या हमारे अनियोजित, अनियंत्रित विकास की यह त्रासदी नहीं है..? क्योंकि जब हम प्रकृति को परे रखकर सारे निर्णय और निर्माण कार्य थोपते चले जाएंगे तो दुष्परिणाम ऐसे ही होंगे... फिर झारखंड के सरायकेला–खरसावां में हावड़ा से मुंबई जा रही ट्रेन के 18 डिब्बों के पटरी से उतरने का मामला भी कुछ इसी रूप में देखा जाना चाहिए कि हमने तकनीकी खामियों के कारण हादसों में जान गंवाने वालों को लेकर क्या सतर्कता बरती है..? क्योंकि जब तक हादसों से सबक लेकर आगे नहीं बढ़ेंगे..., समस्याओं का समाधान नहीं होने वाला... केरल में पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है, जिससे कई जगहों पर जनजीवन अस्त–व्यस्त है। मगर अब वहां कई जगहों पर बाढ़ और भूस्खलन जैसी त्रासदी भी दिखने लगी है। वायनाड में पहले भी घनघोर बारिश और उसकी वजह से भूस्खलन की घटनाएं होती रही हैं। मगर सोमवार रात वहां जो हुआ, उसने वायनाड के साथ–साथ सभी जगहों के लोगों के सामने एक खौफ का मंजर पैदा कर दिया है। पहाड़ों के बीच बसे और हरा–भरा स्वर्ग कहे जाने वाले वायनाड की पारिस्थितिकी को बेहद नाजुक माना जाता है। पश्चिमी घाट के नजदीक होने की वजह से वहां भूस्खलन का खतरा बना रहता है। पश्चिमी घाट में तीव्र ढलान है और मानसून में भारी बारिश से मिट्टी इतनी गीली और ढीली हो जाती है कि भूस्खलन के मामले बढ़ जाते हैं। स्पष्ट है कि यह स्थिति अगर प्राकृतिक रूप से पैदा होती है, तो इसे तत्काल रोकना शायद मुमकिन नहीं है, मगर हर वर्ष बारिश के मौसम में भूस्खलन की आशंका के मद्देनजर बचाव के सतर्कतापूर्ण इंतजाम जरूर किए जा सकते हैं। केरल में वायनाड के मेप्पाडी के पास सोमवार की रात को अचानक हुए भूस्खलन से जैसी तबाही हुई, उससे एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि प्रकृति के सामने समूची व्यवस्था कई बार लाचार हो जाती है। हालांकि प्रकृति के कहर को रोका भले न जा सके, लेकिन इससे बचाव के उपाय जरूर किए जा सकते हैं, ताकि जानमाल के नुकसान को कम से कम किया जा सके। वहीं रेल हादसों की वजहें किसी से छिपी नहीं हैं। हर बार यह संकल्प दोहराया जाता है कि जल्दी ही हर गाड़ी में टक्कररोधी उपकरण लगा लिए जाएंगे, जिससे हादसों पर रोक लग सकेगी। मगर लगातार हो रहे हादसों की प्रकृति को देखते हुए यह दावा नहीं किया जा सकता कि अकेले टक्कररोधी उपकरण से इस समस्या पर पूरी तरह अंकुश लग पाएगा। रेलवे का दावा है कि अनेक मार्गों पर कम्प्यूटरीकृत संचालन प्रणाली लगा दी गई है। पटरियां बदलने और संकेतक आदि के लिए आधुनिक उपकरण लगा दिए गए हैं। मगर देखा गया है कि इनके ठीक से काम न करने या इनका संचालन ठीक से न किए जाने के कारण ही अक्सर हादसे हो जाते हैं। एक तरफ तो हम तेज रफ्तार और सुविधाजनक गाड़ियां चला कर हवाई सेवाओं पर बढ़ते बोझ को कम करने का दावा करते हैं, दूसरी तरफ पटरियों और संचालन प्रणाली पर अपेक्षित ध्यान नहीं दे पाते।

## संतवाणी



गप्पे मारना आपके आस–पास के लोगों के साथ एक तरह का मिसअलाइनमेंट है। या तो आप सबके बारे में गप मार सकते हैं, या सबका साथ दे सकते हैं। – **सदगुरु जग्गी वासुदेव**, उपदेशक

सामयिक

# शिक्षा संस्थानों पर घटता विश्वास दुर्घटनाओं का जनक



शाहीन सबा

भारत एक महान देश है जिसके पास गौरवशाली अतीत की बड़ी समृद्ध थाती है। हम सभी नागरिक देश भक्त हैं और भारतीय होने पर गर्व भी करते हैं। यह महान देश निकट भविष्य में विश्व-गुरु बनने की उत्कृष्ट इच्छा पाले हुए है। इसके साथ ही भारत को 'विकसित देश' और तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति का दावा भी किया जा रहा है। यह सब सुनना मन को संतोष देता है। इसे बनाने के लिए सभी कटिबद्ध दिखते हैं। इस दृष्टि से युवा वर्ग की भूमिका और दायित्व खास हो जाता है। आज देश में सामाजिक और भौतिक विविधताएं तो हैं ही आर्थिक विषमता भी बहुत ज्यादा है। ऐसे में हर युवा ऊंची से ऊंची उड़ान भरने के लिए स्वाभाविक रूप से आतुर हो रहा है। इस हलचल भरे माहौल में युवा वर्ग अपने भविष्य को संवारने के लिए घर-बार छोड़ कर कोचिंग करने के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करते हैं। अभिभावकगण रुपया-पैसा जुटा कर अपने बच्चों को कोचिंग के साथ परीक्षा की तैयारी में आर्थिक मदद करते हैं।

आशाओं और आकांक्षाओं की उठापटक के बीच ये युवा कठिन परिस्थितियों में अथक परिश्रम करते हैं। वे अपने सपनों को साकार करने के लिए धैर्यपूर्वक और लगन के साथ कोशिश करते हैं। अब औपचारिक डिग्री की गुणवत्ता पिटने के फलस्वरूप हर काम के लिए, यहां तक कि अगली कक्षा में प्रवेश या फैलोशिप के लिए भी कोई न कोई परीक्षा देना अनिवार्य हो चुका है। खस्ताहाल हो रहे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की पढ़ाई अपर्याप्त होती है। ऐसे में यदि कोचिंग केंद्रों की झड़ी लग रही है तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं। पर इस बेहद लोकप्रिय और नफे वाले शानदार व्यापार के विस्तार के साथ इसके सुचारू संचालन लिए जरूरी आधारभूत सुविधाओं का घोर अभाव भी होता है। वस्तुतः व्यावसायिक कोचिंग का विशाल धंधा शिक्षा की घोर दुरुवस्था की स्थिति का बयान करता है।

पिछले कुछ वर्षों में कई जगहों पर कोचिंग संस्थानों में आग लगने की घटनाएं खबर बनती रही हैं। अब दिल्ली के राजेंद्र




> सरकारी शिक्षा के प्रति सरकार, समाज और विद्यार्थी सबका अविश्वास बढ़ रहा है। टूटते भरोसे के बीच कोचिंग की वैकल्पिक शिक्षा व्यवस्था खूब फलफूल रही है। इसकी रोकथाम करने के बदले साझी प्रवेश परीक्षा इसी अविश्वास की पुष्टि करती है।

नगर इलाके में एक नामचीन कोचिंग संस्थान के तलघर या बेसमेंट में जहां विद्यार्थी उपस्थित थे अचानक कंधों से ऊपर तक इतना पानी भर गया कि कोचिंग लेने वाले तीन व्यक्तियों, दो युवतियां और एक युवक, जो आईएएस (सिविल सर्विस) की तैयारी कर रहे थे, उनकी जान चली गई। अब तक ज्ञात तथ्यों से यह दुर्घटना आपराधिक लापरवाही का परिणाम लगती है परंतु इसकी जिम्मेदारी तय करना विवाद का प्रश्न बन गया है और बना रहेगा। यह अमानवीय दर्दनाक हादसा एक गैर कानूनी ढंग से बिना अनुमति के चलने वाली कोचिग केंद्र की निजी व्यवस्था के तहत हुआ।

जब भी कोई गम्भीर घटना होती है और जनता की आवाज उठती है तो जांच कमेटी बैठेगी, सख्त कार्रवाई होगी, कानून अपना काम करेगा और दोषी को बख्शा नहीं जाएगा जैसी घोषणा करते हुए सरकार थोड़ी देर के लिए जगती है। उसकी ओर से प्रतिक्रिया का यह चिरपरिचित सधा-सधाया 'स्टैण्डर्ड' तरीका हो चुका है। कभी-कभी उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय जरूर अपनी आंख खुद खोल कर खास मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई करता है। मानव अधिकार आयोग भी कुछ-कुछ ऐसा करता है। पर यह सब बड़े दुर्लभ प्रकरण में ही होता है जिसका निश्चय न्यायमूर्ति के नजरिये से होता है। प्रायः घटनाओं को और उनके आशय को अपनी मौत मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। समय बीतने के साथ लोग भूल जाते हैं और जिंदगी में आगे बढ़ जाते हैं। इस बीच राजनीति और राजनेता भी बदल जाते हैं। हम अक्सर वहीं खड़े रहते हैं जहां पहले खड़े थे। यथास्थितिवाद हमें और हमारे प्रिय नेताओं की बड़ी पसंदीदा तकनीक है।

विद्यालय की पढ़ाई से विद्यालय की परीक्षा की तैयारी और कोचिंग की पढ़ाई से व्यावसायिक परीक्षा की तैयारी, यह आज अभिभावक और विद्यार्थी के मन में एक स्पष्ट समीकरण बन चुका है। इसी के अनुसार जीवन की मुश्किल डगर पर कदम बढ़ाने की कवायद चल रही है। आज मेधावी बच्चे विद्यालय को छोड़ कोचिंग में भर्ती हो रहे हैं। कोटा नगरी की व्यथा कथा विश्व प्रसिद्ध हो चली है। एनटीए द्वारा नीट और नेट परीक्षा की बदहाली से अभी गुजर रहे हैं। सरकारी शिक्षा के प्रति सरकार, समाज और विद्यार्थी सबका अविश्वास बढ़ रहा है। टूटते भरोसे के बीच कोचिंग की वैकल्पिक शिक्षा व्यवस्था खूब फलफूल रही है। इसकी रोकथाम करने के बदले साझी प्रवेश परीक्षा इसी अविश्वास की पुष्टि करती है और घोषित करती है कि विद्यालय की पढ़ाई जैसे हो रही थी जारी रहेगी यदि आगे पढ़ने-पढ़ाने की इच्छा है तो विद्यालयी परीक्षा के अतिरिक्त इस नई परीक्षा को अनिवार्य रूप से पास करना होगा। विद्यालय की पढ़ाई प्रवेश परीक्षा के लिए सिर्फ प्रवेश पत्र रह जाएगी। यह दुर्भाग्य है कि सरकार विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की बिगड़ती हालत को सुधारने के लिए तत्पर नहीं हो रही है। वह हर चीज को तब तक झुलाती रहती है, जब तक इंतहा हो जाए।

गौरतलब है कि शिक्षा पर बाजार की भयंकर जकड़न दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। कोचिंग केंद्र का गैर जिम्मेदार संचालन करने वाला अवैध अड्डा सरकारी तंत्र की आंखों के सामने चलता था और जाने कितनी जगह अभी भी दिल्ली के मुखर्जी नगर आदि इलाकों में बदस्तूर चल रहा है। सरकारी व्यवस्था अक्सर इस बात से बेखबर और उदासीन रहती है कि शिक्षा और कोचिंग के संस्थानों में क्या और कैसे हो रहा है। शिक्षा के प्रति उदासीनता का रवैया और युवा वर्ग की जिंदगी के साथ इस तरह का खिलवाड़ आत्मघाती है और अक्षम्य अपराध है। यह अलग बात है कि ऐसे और इसी तरह के हादसे गैरकानूनी शिक्षा की दुकानों में और उनके आसपास विद्यार्थियों के रहने के लिए बने पीजी आवासों में आए दिन होते रहते हैं। यहां ठूंस-ठूंसकर बच्चे भरे जाते हैं और बेहद खतरनाक परिस्थितियों में जीते हैं। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से निहायत बुरे हालात में चलने वाले ये कोचिंग के व्यापार केंद्र देश में शिक्षा की दुर्गति की हकीकत बयान करते हैं। आज की जनसंख्या में युवा-वर्ग के अनुपात में हो रही वृद्धि के साथ शिक्षा पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में शिक्षा नीति से क्रांति लाने के दावे के बावजूद दूर-दूर तक कोई राहत नजर में नहीं आ रही है। यह जरूर है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तुलना में निजी क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि सरकारी पहल नदारद है या नाकाफी है। सरकार की ओर से शिक्षा में पर्याप्त निवेश हो रहा है न व्यवस्था ही ठीक हो पा रही है। चूंकि शिक्षा देश के समाज के मानस-निर्माण, उत्पादकता तथा सर्जनात्मक नवोन्मेष सब के लिए महत्वपूर्ण है और देश के भविष्य को प्रभावित करने वाला है। इस समस्या पर तत्काल ध्यान देना आवश्यक है। कोचिंग के हादसे को एक अकेली घटना समझ उसकी व्याख्या स्थानीय तू-तू मैं-मैं का खेल हो रही है। युवा जीवन की असमय मौत की यह दास्तान शिक्षा के क्षरण का भी लक्षण है जो समूचे देश के लिए खेद का विषय है। समाज और सरकार सबको इस पर सोचना होगा और आवश्यक कदम उठाने होंगे। मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः

पुण्यतिथि आज

# स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता तिलक



सुरेन्द्र शर्मा

भारतीय स्वाधीनता के आंदोलन का जब भी स्मरण किया जाएगा उसमें भारतीय स्वराज एवं स्वधर्म के प्रति स्वाभिमान का जागरण करने के लिए बालगंगाधर तिलक उपाख्य लोकमान्य तिलक को सर्वप्रथम स्मरण किया जाएगा। वह भारत के प्रमुख नेता, समाज सुधारक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और लोकप्रिय नेता थे उनके नाम के आगे लोकमान्य लगाया जाता है। यह वह उपनाम है जो उन्होंने अपने कर्तत्व से जनता के दिलों में स्थान बनाकर प्राप्त किया था। लोकमान्य तिलक ने ही सबसे पहले ब्रिटिश राज के दौरान 'पूर्ण स्वराज' की मांग उठाई थी इसके लिए उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का जनक भी कहा जाता है 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं उसे लेकर रहूंगा' का नारा देने वाले भी लोकमान्य तिलक ही थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक लोकमान्य तिलक हैं। बालगंगाधर तिलक सिर्फ एक लोकप्रिय नेता ही नहीं बल्कि भारतीय इतिहास, संस्कृत ,हिंदू धर्म गणित और खगोल विज्ञान जैसे विषयों के विद्वान थे उनका पूरा जीवन एक आदर्श है और भारत के स्वर्णिम इतिहास का प्रतीक है। बालगंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी में हुआ था तिलक के पिताजी का नाम गंगाधर रामचंद्र तिलक था वह संस्कृत के प्रकांड विद्वान और प्रख्यात शिक्षक थे उनकी माता जी का नाम पार्वतीबाई गंगाधर था वह एक वह एक विदुषी महिला और आदर्श ग्रहणी थी। तिलक के पिता



अपने समय के अत्यंत लोकप्रिय शिक्षक थे उन्होंने त्रिकोणमिति और व्याकरण पर पुस्तक लिखी जो प्रकाशित हुई तथापि वह अपने पुत्र की शिक्षा पूरी करने के लिए अधिक समय तक जीवित नहीं रहे 1872 में श्री गंगाधर रामचंद्र तिलक का निधन हो गया

तिलक जी समाज सुधारक भी थे। वे बाल-विवाह के विरोधी तथा विधवा-विवाह के समर्थक थे। धार्मिक तथा सामाजिक कार्यों में वे सरकारी हस्तक्षेप को पसन्द नहीं करते थे। उन्होंने जनजागृति के लिए महाराष्ट्र में गणेशोत्सव व शिवाजी उत्सव की परम्परा शुरू की, जो आज विराट रूप ले चुकी है। स्वतंत्रता आन्दोलन में उग्रवाद के प्रणेता तिलक जी का मानना था कि स्वतंत्रता भीख की तरह मांगने से नहीं मिलेगी वर्ष 1916 में उन्होंने नारा दिया - 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और में उसे लेकर ही रहूंगा'। वे वृद्ध होने पर भी स्वतंत्रता के लिए भागदौड़ में लगे रहे। जेल की यातनाओं तथा मधुमेह से उनका शरीर जर्जर हो चुका था। मुम्बई में अचानक वे निमोनिया बुखार से पीड़ित हो गए। अच्छे से अच्छे इलाज के बाद भी वे संभल नहीं सके और एक अगस्त, 1920 को मुम्बई में ही उन्होंने अन्तिम सांस ली। महात्मा गांधी ने उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता कहा था। उन्होंने आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डेक्कन एजुकेशन सोसायटी और फर्गुसन कॉलेज की भी स्थापना की थी। बाल गंगाधर तिलक एक महान राष्ट्रवादी, समाज सुधारक और जन नेता थे जिन्होंने अपने मत और विचारों से अनेक पीढ़ियों को प्रभावित किया उनका राष्ट्रवाद स्वामी विवेकानंद की भांति पुनरुत्थान वादी था वह चाहते थे कि भारत एक शक्ति शाली राष्ट्र के रूप में संगठित हो,एक हो और एक प्रचंड एकीकृत और केंद्रीय शक्ति के रूप में एक ही धारा में वहे। तिलक जी कहते थे जीतने से ज्यादा जरूरी है लड़ना,एक कायर व्यक्ति के लड़ने पर भी जीत संभव है लेकिन असली जीत तब है जब हार निश्चित होने के बावजूद भी लड़ा जाए। तिलक के लिए स्वराज्य का अर्थ केवल राजनीतिक अर्थ अर्थात स्वशासन ही नहीं था बल्कि इसका नैतिक अर्थ भी था अर्थात आत्मनियंत्रण और आंतरिक स्वतंत्रता उन्होंने स्वराज का वर्णन इन शब्दों में किया है 'यह स्वयं पर केंद्रित और स्वयं पर निर्भर जीवन है' इस दुनिया में भी और परलोक में भी। ऐसे महामना को पुण्यतिथि पर कोटि कोटि नमन राष्ट्र के उत्थान हेतु समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन हम सभी के मन में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना का सदैव संचार करता रहेगा।

**(लेखक मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य हैं)**

जन्मदिन पर विशेष

# शक्तिपात साधना के गुरु रघुवीर सिंह



प्रमोद भार्गव

एक रात मुझे शक्तिपात और कुण्डलिनी साधना के उपासक डॉ. रघुवीर सिंह गौर जी का फोन आया। उन्होंने मुझे अगले दिन सुबह डॉ. देवेंद्र कुमार सिरोठिया के घर आने का आग्रह किया। उनके कारण यह घर आश्रम में बदल दिया है। मैं गया भी। उस दिन मैं उनके शक्तिपात योग की क्रिया को ऑनलाइन देश-विदेश के लोगों पर देख कर आश्चर्यचकित रह गया। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, अफ्रीका और यूरोप के अनेक देशों के साथ अरब देश के उच्च शिक्षित, उच्च पदस्थ व व्यवसायी उनसे जुड़े थे और मैं उन पर योग क्रिया के असर का साक्षात्कार कर रहा था। रघुवीर सिंह गौर शिवपुरी के ही हैं। यहीं पढ़े-लिखे और अब यहीं से वर्ल्ड स्प्रीच्युल फाउंडेशन की गतिविधियों को संचालित करते हुए लोगों को मानसिक धरातल पर आध्यत्मिक संतुष्टि दे रहे हैं। अब वे पुणे में इंटरनेशनल मेहर पिरामिड मेडिटेशन सेंटर की स्थापना में लगे हैं। मेरे पूज्य स्वर्गीय अग्रज एवं बृहद उपन्यास लंकेश्वर के लेखक मदन मोहन शर्मा 'शाही' के वे सहपाठी व मित्र भी रहे हैं। आज भी उनके मन में मेरे भाई के प्रति बड़ा आदर व आत्मीय भाव है। गोया, परस्पर आत्मीय लगाव स्वाभाविक है। मुझे याद है, करीब चार दशक पहले रघुवीर सिंह जी की कोई विशिष्ठ पहचान नहीं थी, तब वे मेरे भाई के साथ घंटों बैठे रहकर 'लंकेश्वर' की विषय-वस्तु, योग और अध्यात्म पर चर्चा किया करते थे। संभवतः इसी चर्चा का परिणाम हो कि



लंकेश्वर में सहस्त्रबाहु अर्जुन को भाई ने योग-क्रिया के बल पर जल की सतह पर चलते दर्शाया है। खैर, मैं उस दिन पहली बार गुरूजी के बगल में बैठे रहकर शक्तिपात की क्रिया से रूबरू हुआ। गुरूजी तख्त पर बैठे थे। एक चारपाई पर लैपटॉप रखा था, जिसकी स्क्रीन पर अंतर्जाल के जरिए देश-विदेश के करीब दो दर्जन लोग जुड़े थे। गुरूजी ने 'ऊं' का उच्चारण कर करीब सात-आठ मिनट अंग्रेजी में उद्बोधन दिया, जो अत्यंत सरल और ग्राह था। एक तरह से यह वक्तव्य शक्तिपात और कुण्डलिनी जागरण के लिए बताई गई विधि थी, जिससे जुड़े लोग एकाग्रचित्त होकर ध्यानस्थ हो जाएं। प्रवचन समाप्त होने के बाद मैंने देखा, गुरूजी ने दाएं हाथ के अंगूठे व अंगुलियों को विशेष प्रकार से संचालित किया। संभवतः आंखों के रोशन डोरों के माध्यम से अपने विचारों को भी प्रवाहित व संचारित किया। कहां क्या स्पर्श हुआ या शब्दिक ध्वनि, तरंगों ने कैसे हजारों किलोमीटर की दूरी पर बैठे लोगों को ध्यानस्थ किया, मैं नहीं जानता, लेकिन प्रत्यक्ष चमत्कार देखता हूं कि शक्तिपात कह लें या कुण्डलिनी जागरण, रघुवीर सिंह जी अपनी आध्यात्मिक शक्ति दूर बैठे शिष्यों में स्थापित कर चुके थे और वे उनके दृश्य-अदृश्य संकेतों पर वैसे ही डोल रहे थे, जैसे कठपुतलियों के खेल का कोई सिद्धहस्त खिलाड़ी अंगुलियों में बंधे अदृश्य धागों से कठपुतलियों को नचाता है। एक तरह से सभी शिष्यों की चेतना गुरूजी की योग क्रिया से नियंत्रित व संचालित हो रही थी। लगभग चालीस-पैंतालिस मिनट बाद क्रिया पूरी हुई और शिष्यों की चेतनाओं पर नियंत्रण ढीला पड़ता चला गया। अपनी-अपनी प्रकृति की मूल अवस्था में लौट रहे शिष्यों के मुखों पर मैं गहन आध्यत्मिक शांति का अनुभव कर रहा था। ऐसी धारणा है कि कुंडलिनी जागृत करने में शिष्य को कोई बाधा अनुभव होती है तो दक्ष गुरू शिष्य को शक्तिपात हस्तांतरित करते हैं। यह हस्तांतरण वही गुरू कर सकता है, जो अपनी कुण्डलिनी जागृत कर चुका हो। इस प्रक्रिया में ब्रह्माण्डीय ऊर्जा को अंगुष्ठ के स्पर्श, नेत्रीय किरणों या फिर वैचारिक-शक्ति के माध्यम से दूसरे व्यक्ति में प्रवाहित किया जाता है। ब्रह्माण्ड में व्याप्त सकारात्मक ऊर्जा को गुरु एकाग्रचित्त से की गई साधना द्वारा प्राप्त करता है। यही रघुवीर सिंह जी ने किया। आज उनके 80वें जन्मदिन पर देश-विदेश के अनुयायी स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।)**

विचारबोध

# राष्ट्रनिष्ठा का बीज व माटी स्वरूप रा.स्व. संघ



विष्णु चौधरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर पिछले पांच दशकों से लगा प्रतिबंध हटाकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्र को यह अनुभूति करने में पांच दशक का समय लगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक राष्ट्रवादी, मानवतावादी, सेवाभावी व विश्व बंधुत्व का संदेश देने वाला संगठन है। न्यायालय ने खेद व्यक्त किया कि पांच दशक तक संघ को प्रतिबंधित संगठनों की सूची में रखा गया जिसके कारण अभी तक कई कर्मचारी व अधिकारी देश सेवा व मानव सेवा नहीं कर पा रहे थे। कोर्ट ने कहा कि इस प्रतिबंध के पूर्व सरकार ने कोई सर्वे नहीं किया और न ही लोगों से रायशुमारी ली गई जिससे आम नागरिकों के मानव अधिकारों का हनन हो रहा था। कोर्ट ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि भविष्य में सरकार की सनक व जल्दबाजी के कारण किसी ऐसे संगठन को सूली पर न चढ़ाया जाए जो राष्ट्रवादी व सेवाभावी हो। संघ को विशुद्ध रूप से गैर राजनीतिक संगठन का प्रमाण पत्र देते हुए कोर्ट ने कहा कि संघ की सदस्यता का यह कतई अर्थ नहीं कि कोई राजनीतिक गतिविधियों में शामिल हो रहा है। पूर्व में भी कई बार संघ के बढ़ते जनाधार से चिंतित होकर केंद्र में पूर्ववर्ती गैर भाजपा सरकारों ने इस पर प्रतिबंध लगाने के असफल प्रयास किए थे जबकि वे स्वयं जानते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारतीय जनमानस में अंदर तक पैठ कर चुका है, क्योंकि संघ की जड़ें राष्ट्रवाद की हैं, जिन्हें हिंदुत्व, परोपकार, सकारात्मकता, रचनात्मकता व मानवता ने सींचा है, इसलिए संघ के वृक्ष को हिला पाना सम्भव नहीं है। संघ ने भारत के साथ विश्व के अन्य देशों में भी सेवा, कुशल प्रबंधन व प्रशासनिक क्षमताओं के अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। बगैर किसी स्वार्थ या प्रसिद्धि की चाह से मानव सेवा, सरकार को हर क्षेत्र में तुरंत व स्वस्फूर्त मदद करना संघ का मूलभूत सिद्धांत है। चार वर्ष पूर्व कोरोना के विकट दौर में संघ के स्वयंसेवकों ने गरीबों को भोजन,



अस्पतालों की साफ- सफाई, प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन की खूब मदद की। उन्हीं दिनों उत्तरप्रदेश के प्रयागराज के रहने वाले एक मुस्लिम परिवार की बेटी की मानवीय मदद संघ परिवार ने की। इंदौर के एक निजी कॉलेज में पढ़ने वाली यह बालिका इंदौर में फंस गई थी। उसे प्रयागराज जाने की सरकारी अनुमति मिल भी गई थी, परन्तु किसी पेचीदगी के कारण न जा सकी। उसके लिए इंदौर के स्वयंसेवकों द्वारा आवश्यक वस्तुएं, भोजन और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की गई। लाखों स्वयंसेवकों ने तालाबंदी में भी हजारों स्थानों पर लाखों परिवारों तक भोजन, दवाइयां व आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाई थीं। प्रारंभिक दिनों में जहां इस सेवा कार्य में लगे स्वयंसेवकों की संख्या एक लाख के लगभग थी, वहीं सेवा कार्य की चाह में यह ढाई लाख तक पहुंच गई। देश में 70 हजार से अधिक स्थानों पर पच्चीस अलग-अलग प्रकार के सेवा कार्य संघ द्वारा निष्पादित किए गए। संघ के आनुषांगिक संगठनों द्वारा तीन करोड़ अठारह लाख से अधिक भोजन के पैकेट, पचास लाख से अधिक परिवारों को राशन की थैलियां उपलब्ध करवाई गई व सैकड़ों रक्तदान शिविर लगाए गए। इन सेवा कार्यों के लिए पचास पार कर चुके स्वयंसेवकों को नम्रतापूर्वक मना कर दिया गया। स्वयंसेवकों ने सामाजिक समरसता दिखाते हुए स्वच्छता सेनानियों के पैर धोकर आभार प्रकट किया और उनके चरण वंदन किए। स्थान स्थान पर स्वास्थ्य कर्मियों का घोष (बैंड) की धुन पर अभिनंदन, वंदन किया गया और उन पर पुष्पवर्षा भी की गई। देश सेवा, मानव सेवा व अन्य दैवीय कार्यों में संघ को सेवा भारती, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ, वनवासी कल्याण आश्रम, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय किसान संघ व हिंदू जागरण मंच आदि संगठनों का भरपूर सहयोग मिलता है। संघ की विश्वसनीयता के कारण ही इसमें व सेवा भारती में मुस्लिम युवक व युवतियां भी शामिल हैं जो जम्मू-कश्मीर में सेवा कार्यों में दिन-रात लगे रहते हैं। सेवा भारती से जुड़ी मोबिना बेगम बेझिझक कहती हैं कि सेवा भारती से जुड़कर मानवता व वतन की सेवा करना उनका मकसद है। बारामूला के गुलाम मोहम्मद कहते हैं कि संघ को कश्मीर के आतंकवादी, जिहादी व इस्लामिक चरमपंथी तत्व बेवजह मुसलमानों का दुश्मन साबित करने का प्रयास करते हैं क्योंकि उनकी आंखों पर धर्मांधता व कट्टरवाद की पट्टी पड़ी हुई है। जनसेवा में कभी पीछे नहीं रहने वाले संघ की प्रशासनिक कुशलता व प्रबंधकीय निपुणता भी उत्कृष्ट है। एक बार संघ ने किसी कारण से प्रशासन को सहयोग करते हुए अपनी प्रतिदिन की शाखाएं निरस्त कर दी थीं, लेकिन शाखा का उत्साह कम नहीं हुआ। कुछ दिनों तक तीन करोड़ से अधिक पुरुषों, महिलाओं व बच्चों ने अपने घर पर ही शाखा लगाई और देश के पचास लाख परिवारों में संध्या 5.30 बजे 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' गुंजायमान होता रहा। अपनी गतिविधियों को विस्तार देते हुए संघ ने भी हाईटेक की राह अपनाकर स्काइप और विभिन्न एप के माध्यम से शाखाएं व बैठकें लगानी प्रारंभ कर दी है। संघ ने कुछ वर्गों की सुविधा का ध्यान रखते हुए साप्ताहिक व सांध्यकालीन शाखाएं भी शुरू कर दी हैं। **(लेखक स्तंभकार हैं)**

## पदकतालिका

| स्थान देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 8 | 6 | 2 | 16 |
| 2. जापान | 7 | 2 | 4 | 13 |
| 3. फ्रांस | 6 | 9 | 6 | 21 |
| 4. ग्रेट ब्रिटेन | 6 | 6 | 5 | 17 |
| 5. ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 12 |
| 36. भारत | 0 | 0 | 2 | 2 |

## सार संक्षेप

### बलराज पंवार रोइंग मुकाबले में फाइनल डी में पहुंचे



**पेरिस :** भारतीय रोवर बलराज पंवार ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल सी/डी में 7:04.97 का समय लेकर छठा स्थान हासिल करते हुए फाइनल डी में पहुंच गए। बुधवार को यहां हुए मुकाबले में भारत के एकमात्र रोवर पंवार शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर फाइनल डी में प्रवेश किया। अब 25 वर्षीय सेना के जवान पंवार शनिवार को दोपहर दो बजे पदक के लिए स्पर्धा करेंगे।

### श्रीजा ओलंपिक टेटे स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस :** भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगापुर की जियान झेंग पर 4-2 से जीत दर्ज करते हुए पेरिस ओलंपिक के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीजा अकुला ने 51 मिनट तक चले इस मुकाबले में झेंग पर 9-11, 12-10, 11-4, 11-5, 10-12, 12-10 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही अकुला, मनिका बत्रा के बाद ओलंपिक में अंतिम-16 दौर में पहुंचने वाली दूसरी महिला टेबल टेनिस एकल खिलाड़ी बन गई हैं। अकुला से पहले मनिका बत्रा ने मंगलवार को फ्रांस की पृथिका पावड़े को 4-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की थी।

### इंडिया हाउस पहुंचे भारतीय खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत

**पेरिस :** फ्रांस की राजधानी में पेरिस में चल रहे ओलंपिक खेलों 2024 के लिए वहां डे ला विलेट पार्क में बने इंडिया हाउस में पहुंचे भारतीय खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता एम अंबानी ने इंडिया हाउस पहुंचे कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह, रोहन बोपन्ना, शरत कमल, मनिका बत्रा और अर्जुन बाबूता जैसे शीर्ष भारतीय एथलीटों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में पहली बार बने इंडिया हाउस में आपका स्वागत है। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कई भारतीय खिलाड़ी आज यहां मौजूद हैं। आप में से हर एक ने हमारा सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। दूसरा पदक जीतकर हमें गौरवान्वित करने वाली मनु भाकर और सरबजोत सिह को विशेष धन्यवाद। सरबजोत सिंह हमारे साथ हैं और हमें उनका खड़े होकर अभिवादन करना चाहिए। इस दौरान भारतीय खिलाड़ियों का ढोल की थाप के साथ स्वागत पारंपरिक टीका लगा कर किया गया। अंबानी ने सभी खिलाड़ियों के प्रयासों और दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभार जताया। ओलंपिक आंदोलन का समर्थन करने के लिए इंडिया हाउस में डिजिटल ज्योति भी जलाई गई।

### ओलंपिक में पुरुष घुड़सवारी ड्रेसेज स्पर्धा से बाहर हुए अनुष

**पेरिस :** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में घुड़सवारी ड्रेसेज ग्रुप चरण स्पर्धा में नौंवे स्थान पर रहे एवं प्रतियोगिता से बाहर हो गए है। भारतीय घुड़सवार अनुश अग्रवाल ने बुधवार को शैटॉ उे वर्सेल्स में ग्रुप चरण स्पर्धा में नौंवें स्थान पर रहे। उन्होंने 66.444 अंक बनाये। अनुष ने अपने घोड़े सर कारमेलो ओल्ड के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। अनुष ओलंपिक में ड्रेसेज में प्रतिस्पर्धा करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार है एवं पेरिस 2024 में भारत के अकेले घुड़सवार हैं। उन्होंने ओलंपिक में ड्रेसेज व्यक्तिगत क्वालीफायर के ग्रुप ई में पर्दापण किया। 24 वर्षीय अनुष ने एशियाई खेलों में ड्रेसेज में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता था जबकि टीम स्पर्धा में भारत को खिताब जीतने में मदद की थी।



फ्रांस के पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों में कलात्मक जिमनास्टिक के पुरुष टीम फाइनल के दौरान प्रतिक्रिया करते हुए जापान की टीम के हाशिमोटो दाइकी (बाएं) और काया काजुमा।

# स्वप्निल कुसाले फाइनल में

## 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के फाइनल में, राजेश्वरी-श्रेयसी हारी

### चीन के लियू युकुन ने 594-388 स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन ओलंपिक रिकॉर्ड दर्ज किया

● पेरिस,

**भारतीय** निशानेबाज स्वप्निल कुसाने बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों के 50 थ्री पोजीशन स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए है। वहीं महिला निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी और श्रेयसी सिंह की जोड़ी ट्रैप निशानेबाजी स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना पाई।

बुधवार को हुए पुरुषों के 50 मीटर 3 पोजीशन क्वालिफिकेशन राउंड में कुसाल ने अपने पर्दापण ओलंपिक में 590-388 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरी ओर तोमर 589-338 के साथ 11वें स्थान रहे। क्वालिफिकेशन राउंड स्पर्धा के शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल में जगह बनाई। ये निशानेबाज फाइनल राउंड में गुरुवार अपराह्न एक बजे स्पर्धा करेंगे। स्पर्धा में भारत के स्वप्निल कुसाले और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने भाग लिया था। इस दौरान चीन के लियू युकुन ने 594-388 स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन ओलंपिक रिकॉर्ड दर्ज किया। महिलाओं के ट्रैप क्वालिफिकेशन राउंड में राजेश्वरी और श्रेयसी दोनों पांच राउंड के बाद कुल 113/125 के स्कोर के साथ क्रमशः 22वें और 23वें स्थान पर रहीं। इस बीच, तीसरे राउंड में राजेश्वरी का 25/25 एकमात्र मौका था। जब किसी भारतीय निशानेबाज ने पेरिस 2024 में



स्वप्निल कुसाने



राजेश्वरी कुमारी



श्रेयसी सिंह

# दीपिका तीरदांजी के प्री क्वार्टर फाइनल में

## राउंड ऑफ 32 में नीदरलैंड की तीरंदाज क्विंटी रोफेन को 6-2 से हराया



● पेरिस,

**भारतीय** तीरंदाज एवं विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने बुधवार को पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में लगातार दो महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में मैच जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

चार बार की ओलंपियन दीपिका ने लेस इनवैलिड्स में राउंड ऑफ 32 में नीदरलैंड की तीरंदाज क्विंटी रोफेन को 6-2 से हराया। मां बनने के बाद अपना पहला ओलंपिक खेल रही दीपिका ने पहला सेट जीता लेकिन रोफेन ने दूसरे में स्कोर बराबर कर दिया। हालांकि, भारतीय तीरंदाज ने अगले दो सेटों में अपनी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर अपनी जीत सुनिश्चित की। उल्लेखनीय है कि भारत पेरिस 2024 में महिला टीम तीरंदाजी स्पर्धा में नीदरलैंड से हार गया था जहां दोनों तीरंदाजों ने निशाना साधा था। इससे पहले दिन में 23वीं वरीयता प्राप्त दीपिका ने राउंड ऑफ 64 में एस्टोनिया की रीना परनाट के खिलाफ एक करीबी मुकाबले में 6-5 से जीत हासिल की। पांच सेटों के बाद दोनों तीरंदाज अपना बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे थे जहां दीपिका ने लगातार तीन 10 का निशाना लगाकर वापसी करते हुए मैच को शूट-ऑफ में पहुंचा दिया। दो बार की एस्टोनियाई खिलाड़ी ने शूट-ऑफ में आठ अंक हासिल किए वहीं दीपिका ने नौ अंक हासिल करते हुए मुकाबला जीत लिया। दीपिका का मुकाबला शनिवार को भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजकर 52 मिनट पर महिला व्यक्तिगत तीरंदाजी प्री-क्वार्टर फाइनल में टोक्यो 2020 में टीम इवेंट में कांस्य पदक विजेता जर्मन तीरंदाज मिशेल क्रॉपेन से होगा। भारत की भजन कौर भी शनिवार को दो बजकर पांच मिनट पर दो बार की एशियाई खेलों की पदक विजेता डायनांडा चोइरुनिसा से भिड़ेंगी।

# मुक्केबाज लवलीना क्वार्टर फाइनल में, पदक से एक जीत दूर

● पेरिस,

**भारतीय** महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में राउंड ऑफ 16 के 75 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में नॉर्वे की सुनिवा होफस्टाड को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

लवलीना ने शानदार शुरुआत करते पहला राउंड अपने नाम किया था। लवलीना को शुरुआती राउंड में सभी जजों ने उन्हें 10-10 अंक दिए, वहीं सुनिवा को नौ-नौ अंक मिले। इस तरह लवलीना ने सर्वसम्मति से यह राउंड अपने नाम किया। दूसरे दौर में भी लवलीना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सर्वसम्मति से जीत दर्ज की। लवलीना ने इस दौर में अपनी प्रतिद्वंद्वी पर सटीक हमले किए तथा तीसरे दौर में भी भारतीय मुक्केबाज ने अपनी लय बरकरार बनाए रखी और जीत हासिल की। भारतीय मुक्केबाज ने अपने अनुभव का बखूबी फायदा उठाते हुए रक्षात्मक मजबूती के साथ तीसरे राउंड में अपने आक्रामक खेले का मुजाहिरा किया। लवलीना ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर कई सटीक पंच लगाकर जजों को प्रभावित किया, जिससे उन्हें



सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल हुई। लवलीना एकमात्र वरीयता प्राप्त भारतीय मुक्केबाज के रूप में पेरिस 2024 में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। क्वार्टर फाइनल में लवलीना का मुकाबला चीन की ली कियान से होगा।

# सिंधु और लक्ष्य प्री क्वार्टर फाइनल में

● पेरिस,

**भारतीय** बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन पेरिस ओलंपिक 2024 में बुधवार को महिला और पुरष वर्ग की बैडमिंटन एकल वर्ग की स्पर्धा में जीत दर्ज करते हुए प्री क्वार्टर फानइल में पहुंच गए है। सिंधु ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला एकल ग्रुप एम मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को 21-5, 21-10 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। वहीं लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल ग्रुप एल मुकाबले में इंडोनेशिया के जोनाटन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हराया। यहां ला चैपल एरिना में खेले गये मुकाबले में सिंधु ने क्रिस्टिन कुबा के खिलाफ पहला गेम शुरू करने के लिए लगातार आठ अंक हासिल किए। सिंधु ने पहले गेम में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को 21-5 से हराया। एस्टोनियाई शटलर ने दूसरे गेम में सिंधु को कड़ी टक्कर दी। लेकिन वह सिंधु आक्रामक खेल का मुकाबला नहीं कर सकीं। सिंधु ने दूसरे गेम में कुबा पर 21-10 से जीत दर्ज की। दो बार की ओलंपिक



पदक विजेता सिंधु ने 34 मिनट तक चले मैच कुबा को हराया। प्री-क्वार्टर फाइनल में पीवी सिंधु का मुकाबला यूथ ओलंपिक चैंपियन ही बिंगजियाओ से हो सकता है। लक्ष्य ने 50 मिनट तक चले मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी जोनाटन क्रिस्टी को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो मैचों में दो जीत के साथ, सेन पुरुष एकल ग्रुप एल में भी शीर्ष स्थान पर रहे। राउंड ऑफ 16 में उनका सामना एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता, हमवतन एचएस प्रणॅय से हो सकता है।

# सुंदर ने सुर्या की तारीफ की

● पल्लेकल,

**भारतीय** क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने श्रीलंका के साथ हुए तीसरे टी-20 मैच को लेकर कहा कप्तान सूर्यकुमार यादव के साहसिक निर्णय से टीम को जीत मिली।

मुकाबले में जीत के बाद वॉशिंगटन ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो उनकी कप्तानी की क्षमता अद्भुत है। एक समय पर 12 गेंद में 12 रनों फिर 12 गेंद में नौ रन चाहिए थे, ऐसे समय में कुशल परेरा जैसे बल्लेबाज के खिलाफ रिंकू सिंह को गेंदबाजी के लिए लाना और स्वयं अंतिम ओवर में गेंदबाजी करना एक साहसी निर्णय था। वहीं हम लोग लगभग वह मैच जीत ही गए थे। हम सभी जानते हैं कि जब सूर्या बल्लेबाजी करने जाते हैं तो बहुत साहसी तरीके से खेलते हैं। साथ ही कप्तानी में भी वह इसी तरह का साहस दिखा रहे हैं। इस जीत का काफी हद तक श्रेय उन्हें ही जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैंने जो भी काम किया है, वह सब भगवान का आशीर्वाद था। मैं बस स्वयं को शांत रखने का प्रयास करना चाह रहा था। मैं बस इस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहता था कि मुझे क्या करना है। मैं विशेष रूप से सूर्या का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे उस



(सुपर ओवर) स्थिति में गेंद थमाई। हमने उनके बल्लेबाजों पर थोड़ा होमवर्क किया था। जाहिर है कि विकेट में थोड़ी सी मदद भी थी, इसलिए मुझे बहुत कुछ करने की आवश्यकता नहीं थी। मुझे बस सही लेंथ पर गेंदबाजी करनी थी। कप्तान सूर्याकुमार यादव ने कहा कि मैच के अंतिम दो ओवरों से भी अधिक महत्वपूर्ण यह है था कि 30 के स्कोर पर चार और 48 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाने के बाद हमारे खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया और खेल को विपक्षी टीम की पहुंच से दूर ले गए। मुझे ऐसा लगा था कि इस पिच पर 140 के आस-पास का स्कोर एक सम्मानजनक स्कोर होगा। जब हम क्षेत्ररक्षण करने जा रहे थे तो मैंने अपने साथियों को यही कहा कि मैंने ऐसे कई मैच देखे हैं।

### एक अगस्त को पेरिस ओलंपिक में भारत के मुकाबले

**गोल्फ**

गोल्फ के पहले राउंड में भारत के गगनजीत भुल्लर और शुभांकर शर्मा दोपहर 12:30 बजे खेलते हुए नजर आएंगे। अदिति अशोक और दीक्षा डागर भी भारत की टीम का हिस्सा हैं।

**निशानेबाजी में मेडल के लिए मुकाबला**

1 अगस्त को निशानेबाजी में भारत के लिए बड़ा मुकाबला होगा। स्वप्निल कुशाले पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन का फाइनल दोपहर 1:00 बजे खेलते हुए नजर आएंगे।

निशानेबाजी में सिफ्त कौर और अंजुम मोदगिल दोपहर 3:30 बजे 50 मिटर राइफल स्पर्धा के महिला क्वालिफिकेशन में खेलने उतरेंगी।

**हॉकी**

हॉकी में भारत का सामना बेल्जियम से दोपहर 1:30 बजे

**मक्केबाजी**

राउंड ऑफ 16 में निकहत जरीन चीन के वू यू के खिलाफ दोपहर 2:30 बजे खेलते हुए नजर आएंगी।

**तीरंदाजी**

तीरंदाजी में प्रवीण जाधव दोपहर 2:31 बजे एकल मुकाबला खेलेंगे।

**सेलिंग (नौका)**

सेलिंग (नौका) के मुकाबले में नेत्रा कुमानन पहला रेस रात 7:05 बजे खेला जाएगा।

# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच



**पेरिस, वार्ता:** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में कोर्ट फिलिप-चैटरियर में पुरुष एकल के तीसरे दौर में जर्मनी के डोमिनिक कोएफर को 7-5, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पेरिस 2024 ओलंपिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच का क्वार्टर फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास से मुकाबला होगा। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता जोकोविच ने दूसरे दौर में बीजिंग 2008 के चैंपियन राफेल नडाल को सीधे सेटों में हराया। 37 वर्षीय जोकोविच ने 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। वहीं 25 वर्षीय सितसिपास छह बार के ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)